सतना
04 अक्टूबर 2024 शुक्रवार


दैनिक मीडियाऑडीटर
सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



मेहदी हसन मिराज...
@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### द्वितीय ब्रह्मचारिणी



नव दुर्गा के दूसरे रूप का नाम है मां ब्रह्मचारिणी। ब्रह्मचारिणी का अर्थ है वह जो असीम, अनन्त में विद्यमान, गतिमान है। एक ऊर्जा जो न तो जड़ न ही निष्क्रिय है, किन्तु वह जो अनन्त में विचरण करती है। यह बात समझना अति महत्वपूर्ण है - एक

### बढ़ती बेरोजगारी के लिए जिम्मेदार हैं पीएम मोदी

● राहुल बोले-56 इंच छाती की बात करते थे

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा में चुनाव प्रचार के आखिरी दिन राहुल गांधी नूंह पहुंचे। यहां उन्होंने जनसभा में कहा कि हरियाणा में बेरोजगारी के लिए पीएम मोदी जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि अब मोदी 56 इंच की छाती की बात नहीं करते। उनका चेहरा एकदम बदल गया है। इसके साथ ही राहुल ने कांग्रेस



के उम्मीदवारों के पक्ष में वोट डालने की अपील की। राहुल ने कहा कि भाजपा को वोट मत देना। राज्य की दूसरी छोटी पार्टियों को भी वोट मत देना, क्योंकि वे भाजपा की ही ए, बी और सी पार्टियां हैं। उनमें और भाजपा में कोई अंतर नहीं है। राहुल ने अमेरिका दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि कुछ दिन पहले मैं अमेरिका गया। वहां हरियाणा के युवा मुझसे मिले। उन्होंने अपनी समस्या बताई।

### दिल्ली में अमित शाह ने फाइनल की महायुति की सीट!

दशहरे पर आएगी पहली लिस्ट, चुनाव का ऐलान भी जल्द

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का महासंग्राम शुरू हो चुका है। 10 अक्टूबर को केंद्रीय चुनाव आयोग नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है। ऐसे संकेत



हैं कि विजयादशमी के मौके पर महाविकास अघाड़ी की पहली उम्मीदवार सूची की घोषणा की जाएगी। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने भी कहा है के नवरात्रि के बाद महायुति गठबंधन की पहली लिस्ट आएगी। दिल्ली में अमित शाह के साथ हुई एकनाथ शिंदे और अजित पवार की बैठक के बाद सीट शेयरिंग फॉर्मूला लगभग तय कर लिया गया है। पहली लिस्ट में 100 प्रत्याशियों के नाम जारी किए जाएंगे।

# भरोसा दिल से, भाजपा फिर से...

● हरियाणा में चुनाव प्रचार खत्म होने पर पीएम मोदी की पोस्ट ● पीएम मोदी ने हरियाणा में बीजेपी की हैट्रिक का जताया भरोसा ● सोशल मीडिया पर लिखा कि कांग्रेस पार्टी को नहीं आने देंगे लोग

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार खत्म होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य में बीजेपी की हैट्रिक का विश्वास व्यक्त किया है। दो दिन पहले पीएम मोदी ने पलवल में अपनी आखिरी चुनावी जनसभा की थी। अब पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि आज पूरी दुनिया की नजरें भारत पर हैं। दुनिया, भारत की ओर बहुत आशा और उम्मीद से देख रही है। ऐसे में यह बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है कि हरियाणा के लोग एक ऐसी सरकार चुनें, जो भारत को मजबूती देने की दिशा में प्रयास करे। कांग्रेस कभी



देश को मजबूत नहीं बना सकती। इसलिए मैं हरियाणा के अपने मतदाताओं से ये आग्रह करता हूं कि वे फिर से भाजपा को अपना आशीर्वाद जरूर दें। पीएम मोदी ने आगे लिखा कि कांग्रेस के नेताओं ने आरक्षण खत्म करने का बयान देकर अपने इरादे जता दिए हैं। हरियाणा का पिछड़ा और दलित समुदाय जातिगत हिंसा रोकने में विफल रहने पर पहले से ही कांग्रेस से नाराज चल रहा है। इसलिए लोगों ने कांग्रेस को फिर कड़ी सजा देने का मन बना लिया है। हरियाणा के गली-गली से एक ही आवाज आ रही है- भरोसा दिल से, भाजपा फिर से। पीएम मोदी ने तीसरी पोस्ट में लिखा कि हरियाणा की जनता यह जानती हैं कि कांग्रेस कभी स्थिर सरकार नहीं दे सकती। हरियाणा के लोग यह सब देख रहे हैं।

# बदलापुर यौन शोषण केस में स्कूल प्रेसीडेंट और सेक्रेटरी गिरफ्तार

● मुख्य आरोपी की एनकाउंटर में हो चुकी मौत, बॉम्बे हाईकोर्ट ने मजिस्ट्रेट से रिपोर्ट मांगी

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के बदलापुर में दो बच्चियों से यौन शोषण मामले में पुलिस ने स्कूल प्रेसीडेंट उदय कोटवाल और सेक्रेटरी तुषार आप्टे को गिरफ्तार किया है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने 1 अक्टूबर को कोतवाल और आप्टे की अग्रिम जमानत खारिज कर दी थी। ठाणे क्राइम ब्रांच दोनों को एसआईटी को सौंपेगी, जो पूरे मामले की जांच कर रही है। बदलापुर में 12 और 13 अगस्त को स्कूल के गर्ल्स वॉशरूम में एक स्वीपर ने किंडरगार्टन में पढ़ने वाली 3 और 4 साल की दो बच्चियों का यौन शोषण किया था। मुख्य आरोपी अक्षय शिंदे को पुलिस ने 17 अगस्त को गिरफ्तार किया था। 23 सितंबर को पुलिस



एनकाउंटर में उसकी मौत हो गई। मुख्य आरोपी के एनकाउंटर केस में गुरुवार को बॉम्बे हाईकोर्ट में सुनवाई हुई।

# मणिपुर में 6 दिन से बंधक 2 मैतेई युवक रिहा

**मुख्यमंत्री ने दी जानकारी,सेना भर्ती के लिए गए थे,गलती से कुकी इलाके में घुसे**

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर के कांगपोकपी में 27 सितंबर को अगवा किए गए दो युवकों को कुकी उग्रवादियों ने रिहा कर दिया गया है। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने गुरुवार, 3 अक्टूबर को एक्स पर पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। सीएम ने बताया कि दोनों युवक पुलिस कस्टडी में हैं। मणिपुर यूनिवर्सिटी से एमए कर चुका 22 साल का ओइनम थोईथोई दो दोस्तों- निंगोमबाम जॉनसन और थोकचोम थोइथोइबा के साथ सेना में भर्ती के लिए इंफाल वेस्ट जिले के न्यू कीथेलमैनबी गया था। यहां कुकी उग्रवादियों ने तीनों को किडनैप कर लिया। थोईथोई थौबल का रहने वाला है। थौबल में गठित जॉइंट एक्शन कमेटी की संयोजक केइशम याइफाबी ने बताया कि जॉनसन के पास



एडमिट कार्ड था तो उग्रवादियों ने उसे असम राइफल्स को सौंप दिया, लेकिन बाकी को पकड़ लिया। जॉनसन ने बताया कि वे तीनों बाइक से गूगल मैप को फॉलो कर रहे थे। गलती से कुकी इलाके में घुस गए थे। युवकों को परेशान करते वीडियो सोशल सामने आया था मणिपुर में दोनों युवकों की किडनैपिंग के विरोध में पिछले कुछ दिनों से हालात तनावपूर्ण हैं। मैतेई लोगों ने दोनों युवकों की हत्या की आशंका जताई थी। बंधक बनाए जाने के बाद दोनों युवकों थोईथोई और थोइथोइबा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें दोनों को परेशान करते दिखाया गया। मैतेई संगठनों ने सरकार को चेतावनी दी थी कि अगर कुकी उग्रवादियों ने एक-दो दिन में युवकों को नहीं लौटाया गया तो हालात बिगड़ने के लिए सरकार जिम्मेदार होगी। मणिपुर के डीजीपी राजीव सिंह युवकों को कुकी उग्रवादियों से छुड़ाने के लिए कुकी बहुल कांगपोकपी पहुंचे थे। सीएम बीरेन सिंह ने कहा था कि युवकों को बचा लाएंगे। मैतेई लोगों ने हत्या की आशंका जताई थी घटना के विरोध में 2 अक्टूबर को मैतेई बहुल 5 जिले इंफाल ईस्ट, वेस्ट, विष्णुपुर, काकचिंग और थौबल पूरी तरह बंद रहे। यहां मैतेई संगठनों ने 48 घंटे का बंद बुलाया है।

## जेल में जाति के आधार पर काम देना आर्टिकल-15 का उल्लंघन

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को दिया जेल मैन्युअल में बदलाव का आदेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने जेलों में जाति के आधार पर भेदभाव को लेकर दाखिल की गई एक जनहित याचिका पर बड़ा फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जेलों में किसी भी कैदी के साथ उसकी जाति के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता है।



कोर्ट ने कहा कि जेल में रसोई और सफाई के काम को जाति के आधार पर बांटना गलत है। कोर्ट ने साफ कहा कि सफाई का काम सिर्फ निचली जाति के कैदियों को देना और खाना बनाने का काम ऊंची जाति वालों को देना आर्टिकल 15 का उल्लंघन है।

**इकॉनमी, ट्रेड, तेल, नौकरी, मार्केट...**

# इजरायल-ईरान महासंग्राम से मुश्किल में फंस जाएगा भारत!

● घरेलू शेयर मार्केट में गिरावट से 10 लाख करोड़ स्वाहा ● भारत पर इस लड़ाई का व्यापक असर होने की आशंका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान और इजरायल के बीच बढ़ रहे तनाव का असर पूरी दुनिया पर दिखने लगा है। कच्चे तेल की कीमत में पिछले दो दिन में काफी उछाल आई है जबकि शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखने को मिली है। बीएसई सेंसेक्स आज कारोबार के दौरान 1,600 अंक से अधिक गिर गया जबकि निफ्टी में भी 500 अंक से ज्यादा गिरावट रही। जानकारों का कहना है कि अगर ईरान और इजरायल के बीच



युद्ध होता है तो इसका भारत समेत पूरी दुनिया पर व्यापक असर हो सकता है। खासकर भारत के लिए इसके व्यापक मायने हो सकते हैं। मसलन खाड़ी देशों के साथ व्यापार प्रभावित हो सकता है, पेट्रोल-डीजल की कीमत बढ़ सकती है।

## पुलिस एसआई भर्ती रद्द नहीं हुई तो 'बाबा' ने फोड़ा नया बम


● सरकार की मंशा पर ही उठा दिया सवाल,कांग्रेस ठोक रही ताली

**जयपुर (एजेंसी)।** राज्य सरकार के एक फैसले कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने हैरानी जताई है। राज्य सरकार ने हाल ही में 6 मंत्रियों की एक कमेटी बनाई है। यह कमेटी इस बात का फैसला करेगी कि सब इंस्पेक्टर भर्ती 2021 को रद्द करना है या नहीं। कानून मंत्री जोगाराम पटेल को कमेटी का संयोजक बनाया गया है और स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, खाद्य मंत्री सुमित गोदारा, जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म और पीडब्ल्यूडी राज्य मंत्री डॉ मंजू बागमार को कमेटी का सदस्य बनाया गया है। डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने एक न्यूज चैनल को इंटरव्यू देते हुए कहा कि वे सरकार के इस फैसले से हैरान है।


# ईशा फाउंडेशन के खिलाफ जांच पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**कहा-पुलिस आगे ऐक्शन न ले,फाउंडेशन पर लड़कियों को बंधक बनाने का आरोप**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को ईशा फाउंडेशन के खिलाफ पुलिस जांच के आदेश पर रोक लगा दी है। ईशा फाउंडेशन के फाउंडर सद्गुरु जग्गी वासुदेव हैं। फाउंडेशन के खिलाफ रिटायर्ड प्रोफेसर एस कामराज ने मद्रास हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। आरोप था कि आश्रम में उनकी बेटियों लता और गीता को बंधक बनाकर रखा गया है। मद्रास हाईकोर्ट ने 30 सितंबर को कहा था कि पुलिस ईशा फाउंडेशन से जुड़े सभी क्रिमिनल केसों की डिटेल पेश करे। अगले दिन 1 अक्टूबर को करीब 150 पुलिसकर्मी आश्रम में जांच करने पहुंचे थे। सद्गुरु ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिस पर आज सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। मामले की अगली सुनवाई 18 अक्टूबर को होगी। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा- आप सेना या पुलिस को ऐसी जगह दाखिल होने की इजाजत नहीं दे सकते। उन्होंने कहा कि दोनों लड़कियां 2009 में आश्रम में आई थीं। उस वक्त उनकी उम्र 24 और 27 साल थी। वे अपनी मर्जी से वहां रह रही हैं।



उन्होंने बताया कि कल रात से आश्रम में मौजूद पुलिस अब चली गई है। फैसले से पहले सीजेआई चंद्रचूड़ ने दोनों महिला संन्यासियों से अपने चेंबर में चर्चा भी की। इनमें से एक ने कहा कि दोनों ही बहनें अपनी मर्जी से ईशा योग फाउंडेशन में हैं। उनके पिता पिछले 8 सालों से परेशान कर रहे हैं। याचिकाकर्ता का आरोप- बेटियों को बंधक बनाया, ब्रेनवॉश किया तमिलनाडु एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के रिटायर्ड प्रोफेसर एस कामराज ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। उन्होंने कहा था कि आश्रम ने उनकी बेटियों को बंधक बना लिया है। उन्हें तुरंत मुक्त कराया जाए। कामराज ने कहा है कि ईशा फाउंडेशन ने उनकी बेटियों का ब्रेनवॉश किया, जिसके कारण वे संन्यासी बन गईं। कामराज ने कहा- बेटियों को कुछ खाना और दवा दी जा रही है, जिससे उनकी सोचने-समझने की शक्ति खत्म हो गई है। जब से बेटियों ने उन्हें छोड़ा है, उनका जीवन नर्क बन गया है। बड़ी बेटी गीता एक यूनिवर्सिटी से टॉपर है। उसे 2004 में उसी यूनिवर्सिटी में लगभग 1 लाख के वेतन पर नौकरी मिली थी। उसने 2008 में अपने तलाक के बाद ईशा फाउंडेशन में योग क्लासेज में भाग लेना शुरू किया। जल्द ही गीता की छोटी बहन लता भी उसके साथ ईशा फाउंडेशन में रहने लगी।



# यहां नागा साधु कपड़े पहनते हैं, मां को होता है मासिक धर्म

**नवरात्रि विशेष- कामाख्या शक्तिपीठ**

**प्रसाद में मिलता है लाल कपड़ा,यहां होती है मां की योनि की पूजा**

गुवाहाटी (एजेंसी)। गुवाहाटी से करीब 10 किमी दूर नीलांचल पहाड़ी पर बना मां कामाख्या का मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है। देवी मां 64 योगिनियों और दस महाविद्याओं के साथ यहां विराजित हैं। ये दुनिया की इकलौती शक्तिपीठ है, जहां दसों महाविद्या- भुवनेश्वरी, बगला, छिन्नमस्तिका, काली, तारा, मातंगी, कमला, सरस्वती, धूमावती और भैरवी एक ही स्थान पर विराजमान हैं। यहां एक कुंड है, जो हमेशा ही फूलों से ढंका रहता है। इसे मां की योनि माना गया है जिसकी पूजा होती है। मंदिर नाव के आकार में बना है और तीन खंडों में बंटा हुआ है। यहां के मुख्य मंदिर में कामेश्वरी और कामेश्वर को माथा टेकने के बाद 10 कदम की दूरी पर नीचे की ओर एक अंधेरी गुफा है। जहां टेढ़ी-मेढ़ी सीढ़ियों से होकर जाना होता है। यहां एक चौकोर-सी छोटी जगह कपड़ों से ढंकी है। जिसके चारों



तरफ जल है। यही वो योनि स्थल है, जिसे हमेशा कपड़ों से ढंककर रखा जाता है। यह इतना गहरा है कि घुटनों के बल झुककर इसे छूना पड़ता है। मंदिर के ऊपर कबूतर दिखाई दे रहे हैं। उनके ऊपर सिंदूर लगा हुआ है। कबूतर वाले से पूछा तो बताने लगे कि शरीर से रोग दूर करने और मनोकामना पूरी करने के लिए सिंदूर लगाकर कबूतर को उड़ाया जाता है। यहां एक कबूतर करीब 500 रुपए में मिलता है। नवरात्रि में इस मंदिर में भीड़ लगती है। देशभर से लोग यहां मां के दर्शन के लिए आते हैं। पूजा के तरीके में कोई खास बदलाव नहीं होता। मां कामाख्या की पूजा सामान्य दिनों की तरह ही होती है। सुबह साढ़े 5 बजे देवी के पीठ स्थान को स्नान कराया जाता है। फिर नए कपड़े पहनाए जाते हैं। फूल चढ़ाकर श्रृंगार किया जाता है। इसके बाद शुरू होती है रोज की पूजा और आरती।

## स्वच्छता दिवस पर विशेष ग्राम सभाओं का हुआ आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में आज स्वच्छता दिवस पर विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन हुआ और पंचायतों में स्वच्छता के लिए श्रमदान की गतिविधियों के साथ स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन हुआ। इस दौरान सभी ग्रामों में अभियान अवधि में हासिल उपलब्धियों एवं स्वच्छ भारत मिशन की उपलब्धियों तथा उनके आगामी दायित्वों से अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त अभियान अवधि में मॉडल श्रेणी ओडीएफ़ प्लस बनाये गये 500 से अधिक ग्रामों को ग्राम सभा में ओडीएफ़ प्लस मॉडल घोषित किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों कई ऐसे स्थान जो हमेशा गंदे रहने के कारण गंदगी का पर्याय बन गये थे और उनकी साफ़-सफ़ाई के बारे में ध्यान नहीं दिया जाता था। गंदगी के ऐसे ब्लैक स्पॉट्स को स्वच्छता लक्षित इकाइयाँ के रूप में चिन्हित किया गया। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 18 लाख 50 हज़ार से अधिक स्वयं सेवियों ने इस कार्य में शामिल होकर अभियान समाप्ति तक 24,500 से अधिक ऐसे ब्लॉक स्पॉट्स को स्वच्छ साईट में परिवर्तित किया। अब त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ये ष्ट्ङ्ग पुन्ः गंदगी के ब्लैक स्पॉट्स न बने। इन ष्ट्ङ्गह्य को स्वच्छ साईट में परिवर्तित करने के लिए 1000 टन से अधिक कचरे का संग्रहण कर निपटान किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं स्वच्छता दिवस के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन कार्यक्रम जिला, ब्लॉक और सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय में अयोजित किया गया। प्रत्येक जिला स्तर/ब्लॉक स्तर पर प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता एवं अन्य जन-प्रतिनिधियों की उपस्थिति में समापन समारोह आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन की 10 वर्षों की उपलब्धियों, जिले में ट्रांसफॉर्म किए गए सीटीयू की प्रदर्शनी, स।स्र और स्वच्छता में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों और संस्थाओं का सम्मान, सफाई मित्रो का सम्मान, स्थानीय लोककला से स्वच्छता संवाद, कबाड़ से सौंदर्यीकरण के प्रदर्शन, स्वच्छता मैराथन, रैली आदि कार्यक्रम आयोजित किए गये तथा स्थानीय स्तर के ख्यात व्यक्तियों को स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के रुप में सम् मानित किया गया।

## पांचवे दिन निरंतर-धारा दिवस पर सुजल शक्ति अभियान का समापन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, श्री पी. नरहरी ने भोपाल जिले के ग्राम बिलखिरिया में अभियान के समापन दिवस पर जल सैनिक नंबर 1 का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही अभियान के दौरान हुई गतिविधियों के बारे में ग्रामीणों से चर्चा भी की। सृजल शक्ति इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण समुदायों में सतत जल आपूर्ति और दीर्घकालिक जल स्थिरता सुनिश्चित करना था। सचिव श्री नरहरी ने उपस्थित ग्रामीणों को संकल्प भी दिलाया और पौधरोपण भी किया। 2 अक्टूबर 2024 को गांधी जयंती के अवसर पर निरंतर-धारा दिवस पर कई गतिविधियों के साथ सुजल शक्ति अभियान का समापन हुआ। अभियान के समापन अवसर पर चिन्हित ग्रामों में सुजल अभियान की उपलब्धियों की प्रस्तुति और जल आपूर्ति योजनाओं की समीक्षा के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया गया। पंचायत प्रतिनिधियों, ग्राम जल और स्वच्छता समिति, पंप ऑपरेटरों, स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण समुदाय के प्रमुख सदस्यों की भागीदारी ने इस कार्यक्रम को एक महत्वपूर्ण जन-सहभागिता मंच बनाया। अभियान के लिए प्रमुख योगदान देने वालों को जल सैनिक नंबर 1 पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही, हम जल साथी के रूप में चयनित परिवारों की भी सराहना की गई, जिन्होंने जल प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभाई। ग्रामीण स्तर पर 24×7 जल आपूर्ति योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए हर घर जल प्रमाणीकरण के तहत गांवों को प्रमाणित किया गया, जिसमें समर्पित समुदायों ने अपनी जल आपूर्ति योजनाओं का संचालन और रख-रखाव सुनिश्चित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक आयोजनों और जल संरक्षण पर आधारित प्रस्तुतियों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। ग्रामीण समुदाय ने जल पूजा का आयोजन कर जल स्त्रोतों के प्रति अपनी आस्था और समर्पण प्रदर्शित किया। जल स्त्रोतों की सफाई हेतु श्रमदान, स्वच्छता सर्वेक्षण और जलापूर्ति की समीक्षा गतिविधियों ने जल प्रबंधन के प्रति गांव की जागरूकता और सहयोग को दर्शाया। अभियान के समापन पर स्थायी जल आपूर्ति के लिए दीर्घकालिक कार्य योजना तैयार की गई, जिसका क्रियान्वयन स्थानीय समितियों द्वारा निगरानी के साथ किया जाएगा। ग्रामीण स्तर पर जल स्त्रोतों की सुरक्षा और जल गुणवत्ता में सुधार के लिए गठित युवा कार्यबल भी इस कार्य योजना का अहम हिस्सा है। समारोह के अंत में, ग्रामीणों ने इस अभियान की सफलता और भविष्य की जल योजनाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी, जिससे यह अभियान स्थायी जल आपूर्ति की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हुआ।

# राज्यपाल ने भजन संध्या संत वाणी कार्यक्रम में हुए शामिल



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल गांधी जयंती पर आयोजित भजन संध्या संत वाणी में शामिल हुए। राजभवन के उत्कृष्ट सफाई मित्रों और भोपाल के स्वच्छता सेवियों को सम्मानित किया। राजभवन के सांदीपनि सभागार आयोजित भजन संध्या में गायन की बंदिश, भाषा के बंधन और भौगोलिक सीमाओं से परे भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर संस्कृति राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री मुकेश चन्द गुप्ता, राज्यपाल के अपर सचिव श्री उमाशंकर भार्गव, राजभवन के अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या मे भक्त श्रोतागण उपस्थित थे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने राजभवन की हेड जमादार श्रीमती रूमा बाई, सफाई कर्मचारी श्री मूलचंद बसोड़ और एजेन्सी सफाई कर्मचारी श्री महेश बिछौले को पदक, प्रमाण पत्र और स्वच्छता किट प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर भोपाल नगर के स्वच्छता सहयोगी अशासकीय संस्थाओं के संस्थापकों को भी सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में स्वच्छता किटी ग्रुप भोपाल की को-फाउंडर सुश्री रूचिका सचदेव और सकारात्मक सोच स्वच्छ भारत संगठन की को-फाउंडर सुश्री अनिता शर्मा शामिल हैं। संत वाणी कार्यक्रम के दूसरे सत्र में मुख्य गायक कलाकार श्री राजीव सिंह ने श्री अमन मलक एवं श्री रोहित कुमार वानखेड़े के साथ अपनी उत्सव प्रधान गायकी की विशिष्ट शैली में भजनों का गायन किया। संत साहित्य से आई हुई संगीत की पारंपरिक विधा के निर्गुण भजन, सूफी कलाम और कृष्ण भक्ति के भजनों और गीतों की प्रस्तुति दी। उन्होंने सबसे पहले राजस्थानी शैली में इंग्लिश नरेशन के साथ वंदे मातरम् गीत की अनूठी प्रस्तुति दी। उत्सवी उल्लास के साथ श्री कृष्ण भजन सांसों की माला तोहरे नाम से श्रोताओं को भक्ति के उल्लास में तरंगित कर दिया। संत कबीर के भजन कबीरा खड़ा बाजार में, मांगे सबकी खैर, ना काहू से दोस्ती, ना काहू से बैर को जोशीले अंदाज में प्रस्तुत किया। पद्मविभूषण सम्मानित भूपेन हजारिका के गीत गंगा बहती क्यों हो के द्वारा श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। सभागार में दक्षिण भारत के कृष्ण भक्त नवाब सादिक की रचना कन्हैया याद है, कुछ भी हमारी की सुरीली स्वर लहरी से भक्ति की बयार बहा दी। प्रसिद्ध शायर नज़ीर अकबराबादी की नज्म आदमीनामा के चुनिंदा शेरों को अपनी विशिष्ट गायन शैली में प्रस्तुत किया। अमृतसर के कृष्ण भक्त अथोनी के पंजाबी भजन कृष्णा तेरी मुरली ते भला कौन नही नाचदा, धरती चन सितारे नाच्दे, सारे भगत प्यारे नाच्दे के द्वारा भजन संध्या के श्रोताओं को कृष्ण भक्ति में मगन कर दिया। संत वाणी की अंतिम प्रस्तुति में श्री राजीव सिंह ने अमीर खुसरो के कलाम काहे को ब्याहे बिदेस, अरे, लखिय बाबुल मोरे की सुमधुर प्रस्तुति से सभी श्रोताओं का मन मोह लिया।

## स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूर्ण होने एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के समापन पर सफाई मित्रों का सम्मान कर उन्हें वितरित की किट



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूर्ण होने एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के समापन अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली से कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण अलीराजपुर कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान एवं अन्य ने सुना। इस कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन एवं अमृत योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश से संबंधित 685 करोड़ की परियोजनाओ का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर भोपाल पर वर्चुअल माध्यम से किया। इसके बाद मंत्री श्री चौहान कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं शहरी के अंतर्गत सफाई मित्र एवं स्वच्छता ग्राहियों को सम्मानित कर प्रमाण पत्र, सफाई किट का वितरण किया। श्री सुनिल गोजे, श्री रतु सकरा, श्री अशोक कमाल, श्री बादल, श्री सनवर, श्रीमती कोकिला बामनिया, श्रीमती काजल, श्रीमती मंजुला, श्री सोहन, श्री बाबू सिंह, श्री राजु टोकरीया, श्री हीरालाल रावत, श्री रविराज, श्रीमती अनुराधा, श्री कृष्ण डुडवे को सम्मानित किया गया।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. शास्त्री का जीवन अनुकरणीय-राज्य मंत्री लोधी



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री का व्यक्तित्व महान है। दोनों महापुरुषों के व्यक्तित्व और विचार पूरे विश्व को शांति और अमन के स्थायित्व की ओर ले जाएगे। संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी रविन्द्र भवन में एकै राम रहीम भजन संध्या को संबोधित कर रहे थे। राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा कि दोनो महापुरुषों का जीवन अनुकरणीय है। अपने व्यक्तिगत हितों को त्याग कर देश और समाज के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने के कारण ही इन्हें युग पुरुष कहा गया है। उन्होंने दोनों महापुरुषों के व्यक्तित्व, विचार, संघर्ष और भारत के स्वतंत्र आंदोलन में योगदान का स्मरण कर सभी से महापुरुषों के विचारों और सीख को स्वयं के जीवन में पालन करने का आग्रह किया। राज्य मंत्री श्री लोधी ने दोनों महापुरुषों को पुष्प अर्पित किए। मंगलदीप प्रज्ज्वलन कर भजन संध्या का शुभारंभ किया। संचालक संस्कृति श्री एन.पी. नामदेव ने भजन संध्या के आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। संस्कृति विभाग के स्वराज संचालनालय द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. शास्त्री की जयंती पर भजन संध्या का आयोजन किया गया था। हर-हर शंभू फेम भुवनेश्वर की गायिका सुश्री अभिलिप्सा पांडा ने भजन संध्या में भक्ति गीतों और भजन की प्रस्तुति से सभी को भाव विभोर कर दिया। भगवान की आराधना से शुरू हुई गीतों की श्रंखला में भोला सबको देता है, छोड़ दे चिंता, बम भोले बम, हर हर शंभू, नव-दुर्गे नमो नमः जैसे भजन गाकर ईश्वर विषयक भक्ति का भाव जगाया।

# मगराना में अस्पृश्यता निवारण सद्भावना शिविर का आयोजन




**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** गांधी जयंती पर बुधवार को राजगढ़ जिले के विकासखण्ड सारंगपुर के ग्राम मगराना में अस्पृश्यता निवारण एवं सदभावना शिविर हुआ। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विभाग श्री नारायण सिंह पंवार थे।

तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल ने शिविर की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में भेदभाव या अस्पृश्यता का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। सामाजिक समरसता से हम संगठित होकर देश का विकास कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों का कोई स्थान नहीं है, जो समाज में भेदभाव या अस्पृश्यता फैलते हैं। अस्पृश्यता को समाज से समूल रूप से नष्ट होना चाहिए।

हम सब मिलकर सभी के हित में काम करें। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री टेटवाल ने कहा कि देश की आजादी में समाज के सभी वर्गों का बराबरी से योगदान रहा है। देश के विकास में भी समाज के सभी वर्गो का योगदान है। आज समाज में अस्पृश्यता और भेदभाव का कोई स्थान नहीं है। हमारी सरकार सभी वर्गो की समानता एवं विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सभी वर्गों को प्राथमिकता से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को स्वच्छता एवं नशा नही करने की शपथ भी दिलाई गई। शिविर के दौरान स्कूली छात्राओं द्वारा लघु नाटिका एवं अन्य माध्यमों से समाज से अस्पृश्यता की बुराई नष्ट करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में अस्पृश्यता निवारण पर आधारित निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को भी अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

## सामाजिक समरसता से हम सभी मिलकर बनाएंगे एक भारत, श्रेष्ठ भारत-राजस्व मंत्री वर्मा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** देश में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपनी केवल एक ही जाति याद रखनी चाहिए और वह जाति है हिंदुस्तानी। एक भारत, श्रेष्ठ भारत एवं विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए हमें पिछड़ी जातियों जैसे अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों का विकास करना होगा एवं उन्हें आगे लाना होगा। यह बात राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने सीहोर जिला के जावर में आयोजित जिला स्तरीय अस्पृश्यता निवारणार्थ सदभावना शिविर एवं सहभोज कार्यक्रम में कही। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश का निरतंर विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि एक सभ्य समाज वह होता है, जिसमें व्यक्ति के गुणों के आधार पर सम्मान होता है, जाति के आधार पर नहीं। उन्होंने कहा कि सच्चे भारत का निर्माण तभी संभव होगा जब हम अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के भाईयों-बहनों को आगे बढ़ने में सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि आमजन की राजस्व संबंधी कार्यों के निराकरण के लिए प्रदेश में दो बार राजस्व महा अभियान चलाया गया। इसमें आमजन की राजस्व संबंधी कार्यों नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा एवं अन्य राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि जिन किसानों की सोयाबीन की फसल बारिश के कारण खराब हुई है, उनके सर्वे कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। सर्वे के पश्चात किसानों को फसल बीमा उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में निरंतर कार्य किया जा रहा है। महिलाओं के लिए लाड़ली बहना योजना चलाई जा रही है।

# जिले को टीबी मुक्त बनाने में आप सभी की सहभागिता होनी जरूरी-मंत्री पटेल




**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिले के 6 ब्लॉक के कुल 56 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हो जाने पर इन ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं पंच को सम्मानित किया गया। मंत्री श्री पटेल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सादर नमन किया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि टीबी को समाप्त करने के लिए एक जन आंदोलन बनाने के लिए समुदायों को सशक्त बनाना है, हमें इसे यथार्थवादी दृष्टिकोण से देखना चाहिए। टीबी महामारी को समाप्त करना अकेले स्वास्थ्य क्षेत्र के संघर्ष के बजाय पूरे समाज का संघर्ष है। इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई में न केवल सरकारी प्रयासों की बल्कि जनभागीदारी की भी आवश्यकता है। टीबी को जड़ से समाप्त करने की दिशा में बेहतर प्रयास हो रहे हैं जिन्हें निरंतर जारी रखना होगा। सभी के सम्मिलित प्रयासों से टीबी हारेगा। इसका समय पर पता चल जाए और इसका पूरा उपचार हो जाए तो यह पूरी तरह से रोकथाम योग्य और उपचार योग्य रोग है। यह अब घबराने की वाली बात नहीं है। इसमें कोई भी व्यक्ति संकोच नहीं करें। अपने स्वास्थ्य की निरंतर जांच करवाते रहें। सामुदायिक जुड़ाव से बीमारी और इसे रोकने और इसे बेहतर तरीके से प्रबंधित करने के तरीकों के बारे में अधिक जागरूकता आएगी। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि नरसिंहपुर वह जिला है, जो सबसे पहले साक्षर हुआ है, मैं इस पर गर्व करता हूं। टीबी महामारी से जिले को मुक्त करने के लिए 2 लाख से अधिक लोगों को टीबी की वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसे पूरा करने के लिए वैक्सीनेशन कैलेंडर बनाकर टीम को पहुंचाया जाये। नरसिंहपुर विधानसभा एवं जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए लक्ष्य बनाकर शतप्रतिशत व्यक्तियों को वैक्सीनेशन करने का कार्य किया जाये। स्वच्छता ही सेवा अभियान के समापन को लेकर मंत्री श्री पटेल ने कहा कि स्वच्छता के प्रति हम सबको जागरूक होना होगा। स्वच्छता अभियान में सच्चे मन से जुड़ गये तो, इसका व्यापक स्तर पर बदलाव देखा जा सकता है। हम सभी स्वयं स्वच्छता के ब्रांड हैं। यह स्वच्छता की अलख राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने जगाई। गांधी जी द्वारा देखा गया स्वच्छ आदत का सपना अब साकार होने लगा है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है स्व-सहायता समूह- मंत्री पटेल



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में करेली में पुरानी गल्ला मंडी में जिला स्तरीय स्व-सहायता समूहों का बैंक लिंकेज कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों ने 847 स्व-सहायता समूहों को 30 करोड़ रुपये की राशि का वितरण किया। इस दौरान बैंक लिंकेज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारी/कर्मचारी एवं स्व-सहायता समूह की महिलायें और अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि आज सौभाग्य का दिन है कि दो महापुरूषों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आव्हान है कि हमारी बहनें लखपति दीदी बनें। सरकार ने मातृ-शक्ति के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में प्रयास किये हैं। प्रदेश में 3 करोड़ महिलाओं को लखपति बहना बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस पर मंत्री श्री पटेल ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का अभिनंदन किया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि माताएं-बहनें परिश्रम की मिसाल है। परिवार के संचालन में महिलाओं का विशेष योगदान रहता है। मंत्री श्री पटेल ने बताया कि 5 अक्टूबर को वीरांगना रानी दुर्गावती की 501 वीं जयंती मनाई जा रही है। उनके शौर्य एवं बलिदान को स्मरण करने के लिए कैबिनेट बैठक का आयोजन दमोह ज़िले में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई की 300 जयंती है। लोकमाता अहिल्याबाई समता व न्याय की प्रतिमूर्ति थी।

उन्होंने लोक-कल्याणकारी राज्य की मिसाल पेश की। इन महान नायिकाओं ने सिखाया है कि हमारी मातृशक्ति सामर्थ्यपूर्ण है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि महिलायें समूह से जुड़कर अपने हित में कार्य करें। आपके पास हुनर है। समूहों को पैसा व तकनीक देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करने का कार्य प्रधानमंत्री श्री मोदी ने किया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की ब्रांडिंग व्यापक स्तर पर हो। ब्रांडिंग से आपके उत्पादों को पहचान मिलेगी। बैंकों से लोन लेकर उन्हें चुकाने का काम स्व-सहायता समूह बखूबी कर रही हैं। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि नारी शक्ति अभिनंदन की शुरूआत भी की जा रही है। माताओं व बहनों को सुरक्षा कवच दिया जा रहा है। वह न सिर्फ़ पूंजी जुटाने का कार्य कर रही हैं बल्कि समाज को सशक्त नेतृत्व देने का कार्य भी कर रही हैं।

# नवरात्रि के पहले ही दिन माता की मूर्ति हुई चोरी

## चोरों ने मंदिर को किया क्षतिग्रस्त, थाना प्रभारी बोले- शायद मामला पुराना है

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** नवरात्रि के पहले ही दिन कुसमी के आदिवासी अंचल में स्थित तुरनाथ धाम के पार्वती मंदिर में बड़ी चोरी और तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने न केवल मंदिर को क्षतिग्रस्त किया, बल्कि मां जगदंबा की मूर्ति भी चोरों ने चुरा ली। जिससे श्रद्धालुओं काफी चिंतित हैं।

सीधी जिला मुख्यालय से 130 किलोमीटर की दूरी पर जंगलों के बीच तुर्रा धाम स्थित है। जहां मां भगवती के साथ भोलेनाथ विद्यमान हैं। प्रसिद्ध तुर्रानाथ धाम में माता का एक प्राचीन मंदिर था जो कि लगभग 1000 साल से भी ज्यादा पुराना बताया गया है।





उसकी कलाकृतियां बेहद ही प्राचीन है और वह एक बड़े से चट्टान को काटकर उस मंदिर का निर्माण किया गया था। लगभग 10 टन से ज्यादा का मंदिर का वजन था जिसे नवरात्रि के पहले ही दिन चोरी कर लिया गया। हालांकि कुछ अवशेष अभी भी मंदिर के बचे हुए है।

**स्थानीय लोगों ने घटना के बारे में बताया:** पास की ही रहने वाले दयाराम प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया है कि आज से 3 दिन पहले मैं गया हुआ था लेकिन मंदिर वहां पर मौजूद था। लेकिन आज सुबह जब मैं मां का दर्शन करने पहुंचा तो मंदिर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। मंदिर की जगह पर जेसीबी के माध्यम से गढ्ढा खोदा हुआ दिखाई दे रहा है। मूर्ति गायब है और मंदिर के अवशेष मात्र बचे हैं।

वहीं पूरे मामले को लेकर थाना प्रभारी कुसमी भूपेश बैस ने जानकारी देते हुए बताया है कि शायद यह मामला पुराना है पर किसी ने देखा नहीं है। मामले की जानकारी आज लगी है जहां मूर्ति और मंदिर गायब है। यह मंदिर जंगल के बीचो-बीच है जिसकी वजह से लोगों को पता नहीं चला। साथ ही वन विभाग के अंतर्गत यह आती है, इसलिए वन विभाग के टीम को सूचना दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है।

## घर के बाहर मिला 18 वर्षीय युवती का शव

# गर्दन पर मिले चोट के निशान, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले की सिहावल जनपद पंचायत क्षेत्र के कोदौरा गांव में गुरुवार सुबह एक 18 वर्षीय युवती का शव घर के बाहर मिला। परिजनों ने युवती की हत्या की आशंका जताई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची अमिलिया पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**घर के बाहर घायल अवस्था में मिला शव:** युवती के पिता कोदौरा निवासी हिंचराज पटेल ने बताया कि बुधवार शाम को प्रतिदिन की तरह सभी परिवार के सभी लोगों ने खाना खाया, इसके बाद सभी साथ में ही सो गए थे। इसके बाद आज सुबह जब वह उठे तो उनकी बेटी सोनू पटेल (18) नहीं दिखी।

तलाश करने पर उसका शव घर के बाहर घायल अवस्था में मिला, उसकी गर्दन पर चोट के निशान थे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

**जांच में जुटी पुलिस:** मामले को लेकर अमिलिया थाने के एसआई इंद्राज सिंह ने बताया कि परिजनों की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंच गए थे। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अमिलिया अस्पताल भेजा गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## कलेक्टर ने ली खाद्य विभाग और मिलर्स की बैठक

# धान का अवैध परिवहन रोकने हेतु जिला बॉर्डर पर लगाया जाए चेकपोस्ट



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली ने गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय में खाद्य विभाग और मिलर्स की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि मिलिंग पॉलिसी के तहत सभी मिलर्स उपार्जित धान की मिलिंग करें। अगर इस काम में कोई परेशानी आती है तो प्रशासन को तुरंत सूचित किया जाए।

**पुलिस करती है बेकार में रोकथाम- मिलर्स:** बैठक में कलेक्टर ने पेंडिंग भुगतान, धान आवंटन, सहित अन्य विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं मिलर्स ने कलेक्टर को बताया कि पुलिस धान उठाने के बाद गाड़ियों को बेकार में रोकती है। जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**जिला बॉर्डर पर लगाया जाए चेकपोस्ट:** कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि पुलिस की सहायता से जिले के बॉर्डर में धान के अवैध परिवहन के रोकथाम के लिए चेक पोस्ट लगाए जाए। और आरोपियों पर सख्त कार्यवाही की जाए।

# शासकीय महाविद्यालय मड़वास में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के तहत हुआ आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह 01 से 07 अक्टूबर तक मनाया जायेगा। जिसके तहत शासकीय महाविद्यालय मड़वास में वन परिक्षेत्र मड़वास बफर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन परिक्षेत्राधिकारी मड़वास बफर संजीव रंजन मुख्य रूप से ऊपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने वन्य जीवों की सुरक्षा और मानव-वन्य जीव संघर्ष से सम्बंधित जानकारियां साथ ही पेड़-पौधों के संरक्षण के बारे में ऊपस्थित छात्र-छात्राओ से चर्चा की। डिप्टी रेंजर राजबहोर पटेल ने टाइगर की गणना के संबंध में बताया। वनरक्षक संदीप कुमार सोनी के द्वारा वनों में आग लगने के कारण और बचने के उपायों के बारे में जानकारी दी।



कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओ के बीच वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह से जुड़े प्रश्नों पर क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 29 छात्र-छात्राओ ने भाग लिया, जिसमे प्रथम स्थान पर बीए प्रथम वर्ष के छात्र पुष्पेंद्र कुमार गुप्ता, द्वितीय स्थान पर बीएससी की छात्रा कोमलिका जायसवाल एवं तृतीय स्थान पर बीएससी के छात्र ओम मिश्रा रहे। कार्यक्रम के अंत में क्विज प्रतियोगिता के विजयी छात्र-छात्राओं को डॉ. दीपक अग्निहोत्री एवं प्रवीण साकेत एवं वन परिक्षेत्राधिकारी संजीव रंजन जी हाथों से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ ज्योति रजक, डॉ. संगीता मिश्रा, डॉ. कमलेश जायसवाल, डॉ. राजेश पटेल, डॉ. अनुराग तिवारी, डॉ. लक्ष्मीकांत कुशवाहा, परिक्षेत्र सहायक हरीश कुमार गिरी, वन परिक्षेत्र लिपिक रामकुशल विश्वकर्मा अनिल केवट सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्रा ऊपस्थित रहे।

## जयंत थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# जयंत इलाके में 5 हजार लीटर चोरी का डीजल जब्त, आरोपी गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली जिले की जयंत थाना पुलिस बुधवार की देर रात डीजल के अवैध कारोबार में शामिल एक आरोपी को डीजल टैंकर समेत पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से 5 हजार लीटर अवैध डीजल भी जब्त किया गया है। यह डीजल कालाबाजारी की नीयत से जयंत इलाके में जा रहा था।

जयंत चौकी प्रभारी अभिषेक पांडे ने बताया कि बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात सूचना मिली थी कि नेहरू अस्पताल जयंत से गोलाई बस्ती की तरफ अवैध रूप से चोरी का डीजल कालाबाजारी करने के लिए ले जाया जा रहा है। पुलिस ने गोलाई बस्ती के पास एमपी 19 ॥ 3401 नंबर के टैंकर को रोक कर जब पूछताछ की तो चालक आरोपी संतोष कुमार पटेल जो चितरंगी जिला सिंगरौली के रहने वाला है उसके पास डीजल परिवहन से संबंधित कोई भी दस्तावेज मौजूद नहीं थे। इसके आधार पर आरोपी के खिलाफ डीजल का अवैध परिवहन करने के संबंध में मामला दर्ज किया है। साथ ही 5 हजार लीटर डीजल भी जब्त किया है, जिसकी कीमत 4 लाख 60 हजार रुपए है।

इस कार्रवाई में जयंत चौकी प्रभारी अभिषेक पांडे, सहायक उपनिरीक्षक राजेश द्विवेदी, श्याम बिहारी द्विवेदी, सहायक उप निरीक्षक राजवर्धन सिंह, रवि गोस्वामी, प्रधान आरक्षक सतीश कुमार मिश्रा, सुनील मिश्रा की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# सहकारी कर्मचारियों ने डीआर को सौंपा ज्ञापन

## पंजीयक के आदेश का नहीं किया जा रहा पालन, मासिक वेतन में वृद्धि की मांग

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** जिले के समिति प्रबंधकों ने गुरुवार को वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर उपपंजीयक कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। मध्य प्रदेश सरकार ने 25 सितंबर को एक आदेश जारी कर समिति कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने का आदेश दिया था। लेकिन दो महीने बीत जाने के बाद भी उप आयुक्त सहकारिता द्वारा आदेश का पालन नहीं किए जाने से सहकारिता कर्मचारियों में नाराजगी बनी हुई है।

मध्यप्रदेश सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ ने शीघ्र ही मासिक वेतन में अतिरिक्त वृद्धि किए जाने के लिए आयुक्त के आदेश का पालन कराए जाने की मांग की है।

इस दौरान अध्यक्ष रामकुमार अवस्थी, उपाध्यक्ष करन सिंह राकेश चौबे, रामचरन पटेल, रामावतार मिश्रा, रविंद्र बाजपेई, अखिलेश चतुर्वेदी मौजूद रहे।



उल्लेखनीय है कि पंजीयक सहकारी संस्थान भोपाल की ओर से गठित समिति द्वारा 1 नवंबर 2019 से जारी संशोधित सेवा नियमों के अनुसार संस्थान द्वारा कर्मचारियों को नियमित वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को अक्टूबर माह 2023 से दिए जा रहे मासिक वेतन का अतिरिक्त बढ़ी हुई राशि का भुगतान प्रत्येक माह को किए जाने का उल्लेख है। लेकिन समिति कर्मचारियों को बड़ी हुई राशि का वेतन नहीं दिया जा रहा है।

अध्यक्ष राजकुमार अवस्थी ने बताया कि सरकार ने जो समिति कर्मचारियों की बढ़ी हुई वेतन के आदेश किया है उसी के अनुसार वेतन दी जाए। इसी को लेकर हम लोगों ने उप पंजीयक को आज ज्ञापन दिया है।

डीआरपी कावडक़र ने बताया कि समितियों के सभी प्रशासक रजिस्टार के आदेश का पालन करें, यदि कोई समस्या आती है। तो आदेश का पालन कराया जाएगा।

# प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन आदेश जारी

## सीईओ जिला पंचायत को अपर कलेक्टर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी कर प्रशासनिक कार्य सुविधा के दृष्टि से जिले में कार्यरत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी, संयुक्त कलेक्टर एवं डिप्टी कलेक्टर के मध्य कार्य विभाजन किया गया है।

जारी आदेशानुसार अंशुमान राज (भाप्रसे) मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से संचालित समस्त योजनाऐं, 20 सूत्रीय कार्यक्रम, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग, हथकरघा, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, सामाजिक न्याय सेवाएं विभाग, योजना मंडल जिला सीधी, जनजातीय कार्य विभाग सीधी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य, अधीक्षक सह जिला आयुर्वेद, सैनिक कल्याण, रोजगार हितग्राही मूलक योजना एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के प्रभारी अधिकारी होंगे।

इसी प्रकार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, कृषि, उद्यान, भू-जल सर्वेक्षण, मत्स्य, रेशम केन्द्र, पशु चिकित्सा सेवायें, जीव विविधता एवं जीव प्रौद्योगिकी, महिला एवं बाल विकास, जिला उद्योग केन्द्र, ऊर्जा, ग्राम उद्योग एवं प्रौद्योगिकी, कौशल विकास केन्द्र, श्रम विभाग, समस्त स्वरोजगार मूलक योजनाओं एवं कार्यक्रम के लिये प्रमुख समन्वयक, समस्त बीमा योजनाओं का (कृषि बीमा को छोड़कर) क्रियान्वयन, मुख्यमंत्री मजदूर सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना (संबल), जिला पुनर्गठन एवं जिला पुरातत्व पर्यटन संस्कृत परिषद, ग्रामीण विकास से संबंधित समस्त विभागों के कार्यों की समीक्षा एवं क्रियान्वयन का दायित्व एवं निर्वहन करेंगे। लाडली बहना योजना, दीनदयाल अंत्योदय उपचार योजना, जननी सुरक्षा योजना प्रसव हेतु परिवहन एवं उपचार योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम, राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम, स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण कार्यक्रम, विजयाराजे जननी कल्याण बीमा योजना, राष्ट्रीय टीकाकरण, बाल शक्ति योजना, बाल संजीवनी अभ्यिान का क्रियान्वयन उपरोक्त योजनाओं, विभागों की नस्तियां मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी के माध्यम से कलेक्टर को प्रस्तुत की जावेगी।

इसके साथ ही वे जिला ई-गवर्नेन्स सोसायटी सीधी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी होंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी को अपने कार्य के साथ-साथ अपर कलेक्टर जिला सीधी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

नीलेश कुमार शर्मा (राप्रसे) संयुक्त कलेक्टर अपने वर्तमान कार्य के साथ-साथ जिला भू-अर्जन अधिकारी होंगे। साथ ही कार्यालय कलेक्टर स्थापना, वित्त, नजारत शाखा के प्रभारी अधिकारी होंगे।

# नगर निगम ने की कार्रवाई

## मेडिकल वेस्ट को नगर निगम की कचरा गाड़ी में डालना पड़ा महंगा, 5 मेडिकल स्टोरों पर जुर्माना



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** शहर में संचालित मेडिकल स्टोर संचालकों ने मेडिकल वेस्ट का उचित निस्तारण नहीं करते हैं। मेडिकल वेस्ट को नगर निगम के कचरा संग्रहण गड़ियों में डाला जाता है। इसी शिकायत पर गुरुवार को नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए 5 मेडिकल दुकानों पर जुर्माना लगाया और नोटिस भी जारी की।

नियम के अनुसार मेडिकल वेस्ट को बायो मेडिकल प्लांट में डिस्पोज किया जाना है। कुछ मेडिकल संचालकों को सूचना और नोटिस दी गई कि वह मेडिकल वेस्ट को नगर निगम की कचरा गाड़ी में ना डालें। इस संबंध में नगर निगम के कमिश्नर डी.के शर्मा ने बताया कि नोटिस मिलने के बाद भी कुछ मेडिकल संचालक मेडिकल वेस्ट का उचित निराकरण नहीं कर रहे हैं।

मेडिकल वेस्ट को निगम की कचरा परिवहन की गाड़ियों में लगातार पॉलीथिन में बंद करके डाला जा रहा है। इसी क्रम में आज निगम अमले के साथ न्यायालय परिसर के सामने स्थित मेडिकल स्टोर, तुलसी मार्ग पर संचालित मेडिकल स्टोर और थाना रोड में संचालित मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया। मेडिकल वेस्ट निस्तारण और उनके रजिस्ट्रेशन की जांच की गई। मेडिकल वेस्ट का उचित निस्तारण न करने पर 5 मेडिकल स्टोर संचालकों के विरूद्ध जुर्माना की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही हिदायत दी गई कि मेडिकल स्टोर का संचालन नियमानुसार करे।

अगर पुनः निरीक्षण के दौरान नियमों का उलंघन करते पाया गया तो मेडिकल स्टोर संचालकों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई के साथ मेडिकल स्टोर को सील करने की बात भी की गई।

# आत्म साक्षात्कार दिवस का अयोजन आज




**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** योग वेदान्त समिति के तत्वाधान में पूज्यपाद सन्त आशाराम का 61वॉ आत्म साक्षात्कार दिवस बड़े ही धूमधाम से 04 अक्टूबर 2024 को संकीर्तिन यात्रा दोपहर 12.00 बजे से शास्त्री नगर सिन्धी धर्मशाला से विभिन्न मार्गो से होते हुये वापिस शास्त्री नगर आयेगी तथा सत्संग हॉल मे जप ध्यान, कीर्तिन, हवन के पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया जावेगा तथा हेमु कल्याणी चोक पर दोपहर 1.00 बजे से महाप्रसाद का वितरण किया जावेगा। तथा रीषि प्रसाद पुस्तक का निःशुल्क वितरण किया जावेगा।

उक्त सम्बन्ध में यह जानकारी वरिष्ठ साधक बंशीधर वाधवानी ने दी।

# जिला चिकित्सालय में बर्थ वेटिंग रूम का उद्घाटन

## जिले में सभी स्वास्थ्य केंद्रों में वृद्धजन शिविर का हुआ आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुनीता तिवारी ने बताया कि एक अक्टूबर को जिला चिकित्सालय सहित समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में वृद्ध जन शिविर का आयोजन जिला नोडल अधिकारी डॉ पंकज तिवारी के नेतृत्व में किया गया, जिसके अंतर्गत जिला अस्पताल में 60 वर्ष से ऊपर के 100 से अधिक असमर्थ एवं दूर-दूर के रहने वाले बुजुर्गों को विभिन्न जांच एवं उपचार का लाभ प्रदान किया गया। जिला चिकित्सालय में सांसद डॉ राजेश मिश्रा एवं स्थानीय विधायक रीती पाठक के कर कमलों से वृद्धजन शिविर का शुभारंभ कराया गया। सांसद एवं विधायक द्वारा मरीजों से उनके स्वास्थ्य का जायजा लिया गया तथा दी जा रही सेवाओं का अवलोकन किया गया।





सीएमएचओ डॉ तिवारी ने बताया कि सांसद डॉ राजेश मिश्रा के मार्गदर्शन में लीनश क्लब द्वारा सिद्ध भूमि इंटरनेशनल स्कूल में नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया था, जिसमें से 70 मरीज मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित हुए थे। जिला चिकित्सालय सीधी में सोमवार को 20 मरीजों को भर्ती किया गया उनमें से 15 मरीजों का डॉ लक्ष्मण पटेल एवं उनकी टीम द्वारा अत्याधुनिक मशीन से सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर लेंस प्रत्यारोपित किया गया एवं बुधवार को चश्मा एवं दवाओं के साथ हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी गई। सीएमएचओ डॉ तिवारी ने कहा कि सिविल सर्जन डॉ दीपारानी इसरानी, लिनेश क्लब की अध्यक्ष डॉ वीणा मिश्रा के प्रयास से लोगो की आंखो का आपरेशन सफल हो सका है। जिला चिकित्सालय में मोतियाबिंद का ऑपरेशन निरूशुल्क सोमवार एवं गुरुवार को किया जाता है। गुरुवार को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए 15 मरीज पुनः भर्ती किया गए है।

उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के उपलक्ष्य में विधायक रीती पाठक द्वारा बर्थ वेटिंग रूम का शुभारंभ किया गया। 6 बिस्तरीय बर्थ वेटिंग रूम में केवल उच्च जोखिम वाली महिलाओ को भर्ती किया जाएगा एवं यहां पर स्पेशल तौर पर उनकी निगरानी की जाएगी। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ प्रभा तिवारी, डॉ अंकिता सिंह, अन्य चिकित्सक, एम एच कोऑर्डिनेटर और सभी इंचार्ज मैट्रन उपस्थित रही।

# गौशालाओं के विकास के प्रति संवेदनशील दिखे ईई



**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** पिछले माह सितम्बर में ईई रीवा संभाग क्रमांक 01 को गंगेव जनपद ग्राम बांस के सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र तिवारी ने गौशाला बांस में चारागाह हेतु तार फेंसिंग कार्य के लिए ईई से मिल कर चर्चा की थी, जिस पर ईई ने जल्द ही निरीक्षण करने का आश्वासन दिया था जिस पर उन्होंने गंगेव जनपद भ्रमण के दौरान गौशाला बांस का निरीक्षण किया था उन्होंने देखा कि यदि खाली पड़ी जमीन पर तार फेंसिंग का कार्य कर दिया जाए तो पशुओं के लिए हरे चारे की व्यवस्था की जा सकती है। निरीक्षण के दौरान पशुओं के प्रति संवेदनशील दिखे एग्जीक्यूटिव इंजीनियर जल्द निर्माण होने की बात कह कर चले गए थे। जिस पर ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव ने ग्राम सभा का प्रस्ताव पास करके संबंधित अधिकारियों को प्रस्ताव सहित संबंधित डॉक्यूमेंट भेज दिया।

## विचार

# सोशल मीडिया पर फ्लैगिंग के नए चलन से रिश्तों में आती दरार

**आपसी संबंधों में दरार का नया कारण सोशल मीडिया का नया चलन बनता जा रहा है। सोशल मीडिया पर कुछ समय से फ्लैगिंग का नया ट्रैंड चल पड़ा है। पहली बात तो यह कि लोगों का सोशल मीडिया पर रुझान तेजी से बढ़ा है और कोढ़ में खाज यह कि सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया का दौर भी तेजी से चल पड़ा है। मजे की बात यह कि सोशल मीडिया पर रिएक्शन नहीं आना भी डिप्रेशन का कारण बन रहा है तो सोशल मीडिया पर किसी भी तरह का रिएक्शन भी तनाव का कारण बनती जा रही है। इन दिनों फ्लैगिंग का नया दौर चल पड़ा है पर इसमें भी अधिक तो यह कि बेज फ्लैगिंग का नया ट्रेंड साथी को अधिक प्रताड़ित करने लगा है। प्रताड़ना का मतलब तनाव का प्रमुख कारण होने से हैं। देखा जाए तो सोशल मीडिया पर पिछले साल सवा साल से चल रहे ट्रेंड से आपसी संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा हैं वहीं सोशल मीडिया से जुड़ें लोगों में नकारात्मकता और डिप्रेशन का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। नए ट्रेंड को भले ही सोशल मीडिया के उपयोगकर्ता गंभीरता से नहीं ले रहे हो पर जिस किसी पर नए ट्रेंड के अनुसार फ्लैगिंग के माध्यम से कमेंट्स किये जा रहे हैं उसका असर अंदर तक पहुच रहा है। दर असल पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया में इशारों-इशारों में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करने का नया चलन तेजी से चला है। एक और जहां इमोजी का प्रयोग आम है तो फ्लैगिंग का नया चलन उससे भी अधिक गंभीर है। सोशल मीडिया पर इन दिनों बेज फ्लैग का चलन कुछ ज्यादा ही चला है। बेज फ्लैग का सीधा सीधा मतलब यह निकाला जा रहा है कि इस तरह का व्यवहार जो ना तो अच्छा है और ना ही बुरा, लेकिन इस तरह की प्रतिक्रिया संबंधित को सोचने को मजबूर कर देती है। खासतौर से इसका चलन आपसी रिश्तों को लेकर किया जा रहा हैं और इससे संबंधित में एक तरह की हीन भावना आती है और उसका दुष्परिणाम हम सब जानते ही हैं। इससे पहले साथियों को रेड फ्लैग और ग्रीन फ्लैग का लेबल दिया जाता रहा है। हांलाकि यह भी नकारात्मक ही है। रेड फ्लैग जहां समस्या से ग्रसित व्यवहार को दर्शाता है तो ग्रीन फ्लैग को अच्छे व्यवहार के रुप में देखा जाता रहा है। यानी कि आप अपने साथी को लेबल दे रहे हैं और वह लेबल ही साथी का आपके प्रति और आपका साथी के प्रति व्यवहार को दर्शाता है। दरअसल बेज फ्लैग जैसे रिमार्क से रिश्तों में कड़बाहट आती ही आती है। शिकागो की चिकित्सक मिशेल हर्जोग तो चेतावनी देते हुए कहती है कि ऐसे लेबलिंग से रिश्तों में खटास तय ही हैं। बेज फ्लैग जैसे लेबल जहां कोई समस्या नहीं हैं वहां भी संभावित समस्या पैदा कर देते हैं। हालाकि यह नए नए ट्रेंड सोशल मीडिया पर अपने फालोअर्स बढ़ाने और इंफ्लूएसर मार्केटिंग के किये जाते हैं पर इनका असर काफी गहरा देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर साइबर बूलिंग आम होती जा रही है।**

# ईरान-इजरायल के बीच ऐलान-ए-जंग के अंतर्राष्ट्रीय प्रभावों को ऐसे समझिए

**कमलेश पांडे**

**दुनिया का थानेदार अमेरिका और उसका प्रबल प्रतिद्वंद्वी रूस (पूर्व सोवियत संघ का काबिल वारिस) के बीच अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जो कुछ भी हुआ, हो रहा है अथवा होगा, वह कोई नई बात नहीं है। योंकि अमेरिका-इंग्लैंड की युगलबंदी को संतुलित करने के लिए रूस-चीन का गठजोड़ रणनीतिक पूर्वक आगे बढ़ रहा है। इसलिए हाल में ईरान-इजरायल के बीच शुरू हुए ऐलान-ए-जंग के अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव को इसी परिप्रेक्ष्य में जानने-समझने की जरूरत है। समझा जाता है कि जिस तरह से अमेरिका, यूक्रेन की पीठ थपथपा रहा है; ठीक उसी तरह से रूस, अब फिलिस्तीन, लेबनान और ईरान को शह दे रहा है। योंकि उसकी स्पष्ट सोच है कि यूक्रेन में अमेरिकी नेतृत्व वाले नाटो की मदद तभी थमेगी, जब वह इजरायल के बचाव में मध्यपूर्व के देशों के साथ सीधे तौर पर उलझेगा।**



यही वजह है कि जब हमास और हिजबुल्लाह जैसे आतंकी संगठन अपने प्रभाव वाले इलाके में इजरायल के सामने कमजोर पड़ने लगे तो हौसलाअफजाई के लिए उनके आका ईरान को इजरायल के खिलाफ सामने आना पड़ा। उधर जब अमेरिका भी इजरायल के साथ खुले मैदान में उतर गया, तो अब ईरान के तरफदारी में रूस की घोषणा की ओर सबकी निगाहें जमीं हुईं हैं। वैसे भी इजरायल पर एकाएक बरसीं 200 ईरानी मिसाइलों के बाद अब इजरायली प्रतिक्रिया कितनी भयानक होगी, इस ओर भी पूरी दुनिया की नजर टिकी हुई है। ऐसा इसलिए कि ईरान के हमले के बाद भी इजरायल का हिजबुल्लाह पर एक्शन थमा नहीं है। उसने लेबनान के बेरूत के दक्षिणी इलाकों में भीषण हवाई हमले किए। मतलब लेबनान में फिर बमबारी की। ये हमले हिजबुल्लाह के अहम ठिकानों पर किए गए। ईरान के हमले के बाद इजरायल ने दो टूक कहा कि हमारा जवाबी ऑपरेशन प्लान तैयार है। हम तय करेंगे कि जवाब कब देना है। जहां भी और जब भी होगा, हम ईरान पर हमला करेंगे। वहीं, ईरान के सेना प्रमुख ने धमकी दी कि अगर उनके देश पर हमला हुआ, तो वो इज़राइल के सारे इंफ्रास्ट्रक्चर को तबाह कर देंगे। इससे तय है कि बात अभी और बढ़ेगी। इसलिए पुनः यह सवाल मौजूं है कि आखिर में प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्वयुद्ध की भयावह त्रासदी को झेलने के बावजूद समकालीन दुनिया स्थाई शांति की परिकल्पना करने के बजाय तीसरे विश्वयुद्ध की परिस्थितियों को बढ़ावा देने पर क्यों तुली हुई हैं? क्या उनका यह कदम उस लोकतंत्र के मुंह पर करारा तमाचा नहीं है, जो स्वतंत्रता-समानता-बंधुत्व की बात करते हुए नहीं अघाता है। सही मायने में तो अब संयुक्त राष्ट्र संघ भी दुनियावी विरोधाभाषों को खत्म करने या उन्हें सुलझाने की दृष्टि से पूरी तरह से विफल साबित हो चुका है। विशेषज्ञों के मुताबिक, शीत युद्ध कालीन करतूतों की बात यदि छोड़ भी दी जाए, तो समकालीन वैश्विक करतूतें यही इशारे कर रही हैं कि हथियारों के सौदागरों को जिंदा रखने के लिए दुनियाभर में जारी छद्मयुद्धों की बजाए रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध जैसे अन्य युद्ध भी बेहद जरूरी हैं। इसलिए हर ओर विरोधाभासों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

सच कहूं तो ये वही ताकतें हैं जो भारत-पाक युद्ध, भारत-चीन युद्ध, चीन-ताइवान युद्ध को लंबा चलने देने की परिस्थिति पैदा करने में जब विफल हुईं तो उन्हें अपने ही पड़ोस में नए-नए मोर्चे खोलने पड़े। क्योंकि दुनिया की फैक्टरियों में जब हथियार बनेंगे तो उनके खपत के लायक नित्य नया क्षेत्र चुनने की पहल तो सत्ताधीशों को करनी ही होगी। बहरहाल, अमेरिकन और रूसी नेतृत्व यही कर रहा है। चीनी और भारतीय नेतृत्व भी इसी उधेड़बुन में पड़ा है।

आप मानें या न मानें, लेकिन अमेरिका-रूस गुट को आपस में भिड़ाकर और लंबे युद्ध में उलझाकर उन्हें कमजोर होने देने और खुद को दुनिया का नया थानेदार बनाने की जो चीनी चाल है, और उसके दृष्टिगत भारत की जो चुप्पी है, उससे अमेरिका-रूस दोनों की घिग्गी बंधी हुई है। शायद भारत भी चीन को पछाड़कर यही मंसूबा पाले हुए है।

सच कहूं तो भले ही मुस्लिम आतंकवाद कभी अमेरिकी-ब्रिटिश एजेंडा रहा हो, लेकिन अब रूस-चीन गठबंधन भी इसी एजेंडे को आगे बढ़ाकर तेल के खेल में अमेरिकी नेतृत्व वाले नाटो को पटखनी देने की रणनीति अख्तियार कर चुका है। जिसका साइड इफेक्ट्स आज इजरायल झेल रहा है और कल भारत के समक्ष भी इजरायल वाली परिस्थिति को पैदा किया जा सकता है, यदि उसका ज्यादा झुकाव अमेरिकी गुट की तरफ हुआ तो।

मसलन, पश्चिमी एशिया व मध्यपूर्व एशिया समेत दुनिया के इस्लामिक देशों और इसके कतिपय आतंकी शासकों का दुर्भाग्य यह है कि तेल से अर्जित समृद्धि का सदुपयोग वह अपने मुल्क के नागरिकों को ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के बजाए उन्मुक्त उपभोग, धार्मिक कट्टरता और आतंकवाद की भावना को पैदा करके उसको निर्यात करने में लगा दिया। क्योंकि उनके अंतर्राष्ट्रीय पॉलिटिकल बॉस को यही पसंद है। इससे इजरायल और भारत जैसे देशों की परेशानी बढ़ी, लेकिन वो यह भूल गए कि प्रकृति वही लौटाती है, जो हमलोग बांटते हैं।

यही वजह है कि चाहे अमेरिका हो, रूस हो, चीन हो, या बड़े इस्लामिक मुल्क, जब प्रकृति उन्हें छद्मयुद्ध, युद्ध और आतंकवाद की सौगात वापस करने लगी है तो अब ये देश उसे संभालने-झेलने में असमर्थ ही नहीं हैं, बल्कि भौचक्के भी रह जा रहे हैं। आपको ईरान-इराक युद्ध याद होगा। ईरान-अमेरिकी जंग भी याद होगी। तालिबान (अफगानिस्तान)-अमेरिका युद्ध ज्यादा पुरानी बात नहीं हुई है। अमेरिका और सीरिया के बीच जो कुछ हुआ, या हो रहा है, वह सभी जानते हैं।

जानकारों के मुताबिक, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, इराक या मध्यपूर्व के देशों में अमेरिकी रणनीति यदि विफल हो रही है, तो उसके पीछे रूस की बहुत बड़ी भूमिका है। आज यदि अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस जैसे बड़े मुल्क इस्लामिक आतंकवाद व कट्टरता की चपेट में हैं, तो इसके पीछे भी रूसी-चीनी अंतर्राष्ट्रीय शह ही है।

दिलचस्प बात तो यह है कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने अपनी रणनीति बदली है और खुद को उम्मीद से ज्यादा मजबूत बनाया है, इसलिए वह अब अंतर्राष्ट्रीय सत्ता संतुलन का केंद्र बन चुका है। भारत भी अब हथियारों के सौदागरों की टीम में शामिल होने को बेताब है।

अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में चीनी चाल के दृष्टिगत ही भारत सरकार सोच-समझकर कोई कदम उठाती है। इसलिए अब दुनिया की धड़कन इस बात को सोचकर बढ़ रही है कि यदि तीसरा विश्वयुद्ध शुरू हुआ तो भारत किधर होगा? क्या वह तीसरी दुनिया के देशों के साथ तटस्थ रहेगा, या फिर रूस से अपनी पुरानी यारी और अमेरिका से अपनी नई यारी निभाएगा! यही नहीं, जब दुनिया में महंगाई बम फूटेगा, तो उस स्थिति को भारत कैसे संभालेगा। वैसे तो ईरान और इजरायल दोनों भारत के करीब हैं, लेकिन इजरायल और भारत का उद्देश्य एक है-आतंकवाद का समूल सफाया। शायद यह होने का असली वक्त भी अब आ रहा है। भारत की रणनीति साफ होनी चाहिए कि राज्य प्रायोजित आतंकवाद को खत्म किया जाए। पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान आदि द्वारा प्रोत्साहित आतंकवाद जितनी जल्दी कुचला जाएगा, दुनिया उतनी जल्दी ही चैन की सांस ले सकेगी। इधर ईरान-इजरायल के बीच जंग के आसार के चलते कच्चे तेल में भी तेजी देखने को मिल रही है। इससे दुनियाभर में महंगाई बढ़ने के आसार प्रबल हैं। इस हमले के बाद से कच्चे तेल के दामों में 4 फीसदी की तेजी आ गई है। ऐसे में दुनियाभर में महंगाई फिर से बढ़ने के आसार प्रबल हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस मिसाइल हमले से जुड़ी बातों के बीच गत 1 अक्टूबर मंगलवार को ही क्रूड ऑयल का भाव बढ़ गया। ब्रेंट वायदा 3.5त्न बढ़कर 74.2 डॉलर प्रति बैरल हो गया, जबकि यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड 2.54 डॉलर या 3.7त्न बढ़कर 70.7 डॉलर हो गया।

# उत्तर प्रदेश की मजबूत कानून व्यवस्था और जातिवाद की जहरीली होती राजनीति

**मृत्युंजय दीक्षित**

लोकसभा चुनावों में पार्टी के सांसदों की संख्या बढ़कर 37 हो जाने से समाजवादी पार्टी विशेष उत्साह में है और जहाँ जहाँ भी उसके सांसद जीते हैं वहाँ वहाँ पार्टी के कार्यकर्ता न केवल अराजकता का वातावरण बनाने का पूरा प्रयास कर रहे हैं वरन जातिवादी जहर घोलने का प्रयास भी कर रहे हैं। दूसरी तरफ प्रदेश की योगी सरकार लगातार अपराध और अपराध जगत पर जीरो टालरेंस की नीति पर चल रही है जिसमें कुख्यात माफियाओं व अपराधियो के एनकाउंटर हो रहे हैं तथा बुलडोज़र भी चलाये जा रहे हैं, कई जगह अपराधी स्वयं ही आत्समर्पण भी कर रहे हैं या फिर अपना काम धंधा बदल रहे हैं। प्रदेश का जन सामान्य योगी सरकार की बुलडोज़र नीति से प्रसन्न है जबकि विपक्ष लगातार यही आरोप लगा रहा था कि बुलडोज़र से लोगों को डराया जा रहा है या अल्पसंख्यको को सताया जा रहा है आदि-आदि। जब सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर पर अंतरिम रोक लगाई तो पूरा विपक्ष खुशियाँ मनाने लगा जबकि सुप्रीम कोर्ट ने अवैध निर्माण को अपने आदेश से अलग रखा था। योगी राज्य में बुलडोज़र केवल अतिक्रमण पर ही चलता है अतः प्रशासन को अपना काम करने में कोई समस्या नहीं आई। आश्चर्यजनक रूप से समाजवादी नेता अपनी जातिवाद की राजनीति को और पैना करने के लिए अपराधियों के पक्ष में खड़े हो रहे हैं। वहीं विगत दिनों हुई कुछ आपराधिक घटनाओं में शामिल लोग समाजवादी पार्टी से सम्बंधित रहे हैं संभवतः यही कारण है कि समाजवादी नेता अखिलेश यादव सहित अन्य सभी जातिवादी नेता जातिवाद के जहर को और तीखा कर रहे हैं। अयोध्या से लेकर कनौज तक दुष्कर्म की जितनी भी घटनाएं सामने आई हैं उसमें सपा कनेक्शन मिला, प्रयागराज में अवैध मदरसे में चल रहा जाली नोट का व्यापार व फिर कौशाम्बी में जाली नोट खपाने वाले सपा के दो नेता अपने दस सहयोगियों के साथ पकड़े गए स्वाभाविक रूप से आपराधिक घटनाओं में लिप्त पार्टी को बैकफुट पर जाने से




बचाने के लिए ही अपराध की वीभत्सता तथा गम्बिरता की जगह अपराधी की जाति बीच में लाई जा रही है। अगस्त माह के अंत में सुल्तानपुर में डकैती डालने आये गिरोह के सदस्यों का एनकाउंटर हुआ जिसमें से एक मंगेश यादव के नाम पर समाजवादी नेता यादव समाज की सहानुभूति बटोरने के लिए उसके घर पहुंच गये और उसका महिमा मंडन करते हुए कहा कि यह एनकाउंटर नहीं एक हत्या है और अब सपा इस मामले को आगामी विधानसभा सत्र में भी जोर शोर से उठाने जा रही है। समाजवादी नेता आजकल जातिगत आधार पर ही अपराध और अपराधियों का संरक्षण व महिमामंडन कर रहे हैं। प्रदेश की राजनीति में आज सभी दल अपराधी की जाति देखकर उस पर होने वाली कार्यवाही का तीखा विरोध कर रहे हैं जबकि प्रदेश में 2012 से 2017 तक सपा सरकार के शासन काल में पुलिस मुठभेड़ में 34 अपराधी मारे गये थे तथापि उनके शासनकाल में अपराध और अपराधियों का जोरदार बोलबाला था। एक समय था कि कोई सपने में भी नहीं सोच पाता था कि प्रदेश को कभी अतीक जैसे माफियाओं से मुक्ति मिलेगी या फिर बड़े सफेदपोश लोग जेल जाएंगे। पिछली सरकारों के कई एनकाउंटर में तो मजिस्ट्रेट जांच तक नहीं ती थी। जबकि योगी सरकार में सभी एनकाउंटर की मजिस्ट्रेट जांच हो रही है यहां तक कि कुख्यात माफिया मुख्तार अंसारी की जेल में हुई स्वाभाविक मौत की भी जांच हुई। योगीराज में प्रदेश की कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने लिए साढ़े सात वर्षो में 49 कुख्यात अपराधियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया है। विभिन्न आपराधिक मामलों में संलिप्त 872 नशा व हथियार तस्करी अपराधी और 379 साइबर अपराधियां को गिरफ्तार किया है। साथ ही 3,970 संगठित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। प्रदेश सरकार अवैध नशे के खिलाफ भी व्यापक अभियान चला रही हे जिसमें अभियुक्तों से सर्वाधिक गांजा बरामद हुआ है व अन्य नशीले पदार्थ भी बरामद हो रहे हैं। समाजवादी नेता अखिलेश यादव ने एसटीएफ को भी नहीं छोड़ा ओर उसमें शामिल अधिकारियों की जाति को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर उकेर दिया ओर बताया कि कौन सा अधिकारी किस जाति का है। जब जातिवाद की राजनीति बहुत उग्र होने लग गई तब आंकड़ों को देखने से स्पष्ट हुआ कि विगत 7 साल में 207अपराधी एनकाउटर में मारे गये जिसमें- 67 मुसिलम, 20 ब्राहमण, 18 ठाकुर, 17 जाट और गुर्जर 16 यादव, 14 दलित, तीन ट्राइबल, दो सिक्ख, 8 ओबीसी और 42 दूसरी जातियों के थे। जिस प्रकार से अपराधियों के पक्ष में जाति की राजनीति हो रही है वह सभ्य समाज के लिए उचित नहीं है। यह कहना पूरी तरह से गलत है कि यूपी की पुलिस जाति देखकर एनकाउंटर कर रही हैं या फिर अपराधियों को पकड़ रही है। प्रदेश सरकार अपराधियों का जाति और मजहब नहीं देखती। आज प्रदेश की कानून व्यवस्था की प्रशंसा हर कोई कर रहा है बड़े बड़े उद्योगपति व निवेशक प्रदेश आ रहे हैं और यही बात विपक्षी नेताओं को रास नहीं आ रही है ।

# देवगढ़ मेगा इवेंट शिविर का आयोजन, विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों किया गया सामग्री प्रदाय

## भरतपुर क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलने वाली है: रेणुका सिंह

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** जिले के दूरस्थ विकासखण्ड भरतपुर के ग्राम पंचायत देवगढ़ में 02 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर में मेगा इवेंट शिविर का आयोजन किया गया। इस मेगा शिविर का आयोजन पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह के मुख्य आतिथ्य तथा जनपद पंचायत की सदस्य राजकुमारी बैगा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सर्व प्रथम महात्मा गांधी एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।





शिविर सभा को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरुआत की और कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हमें अपने घर के आसपास, गांव नगर, सार्वजनिक स्थल, धार्मिक स्थल को साफ रखना बहुत ही आवश्यक है। आज हम जिनकी जयंती मना रहे हैं उन्होंने सत्य और अहिंसा का रास्ता अपनाकर देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके बारे में पढ़ने लिखने वाले सभी बच्चों को मालूम है कि वे अपना सभी काम स्वयं करते थे। कपड़ा धोना, बर्तन धोना और वह जहां पर रहते थे उसकी साफ सफाई का काम भी वे स्वयं किया करते थे। इस मौके पर मैं आप सबसे आह्वान करती हूं कि आप सभी स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। इसे अपना स्वभाव बना ले। अब इस भरतपुर विकासखंड ही नहीं इस क्षेत्र की तस्वीर और यहां रहने वाले लोगों की तकदीर बदलने वाली है। जनकपुर हमारा चेहरा है हमारा आईना है। इसको हमें साफ रखने की जरूरत है। आज हमारे प्रधानमंत्री जी हमारे मुख्यमंत्री जी सहित सभी लोग जहां पर भी रहते हैं उन्होंने प्रतीक स्वरूप अपने आस-पास की साफ सफाई की है। इसके माध्यम से वे अपने देश और प्रदेश की स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध रहेने का संदेश दे रहे है। मैं जब भारत सरकार में मंत्री थी उसे वक्त मैं पहाड़ी कोरवा की स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री जी को एक पत्र लिखा और एक डेढ़ महीने के बाद मुझे बहुत सुखद आश्चर्य हुआ कि जब देश की वित्त मंत्री में बजट भाषण पड़ रही थी तो उन्होंने मुझे देखते हुए मुस्कुराते हुए कहा कि प्रधानमंत्री विकास मिशन योजना 14000 करोड़ जिसका नाम आज प्रधानमंत्री जन धन योजना हो गया है। जहां-जहां पर विशेष पिछड़ी जनजाति के लोग निवासरत है वहां पर विकास कार्य किये जायेंगे। हमारी सरकार विकास के लिए कृत संकल्पित है आपकी भलाई और आपकी सेवा के लिए पिछले वर्ष हमने कहा था कि 1 एकड़ जमीन में हम 21 क्विंटल धान खरीदेंगे और 3100 सौ रूपये समर्थन मूल्य देंगे हमने दिया और आज मुख्यमंत्री जी का बयान आया है कि इस वर्ष 15 नवंबर से किसानों के धान की खरीदी की शुरुआत हो जाएगी। हमारा यह मनेन्द्रगढ़ नवोदय जिला है हमें अधिकारी-कर्मचारियों की पूर्ति के साथ बहुत सारे बिल्डिंग बनाने की जरूरत है, अधिकारी कर्मचारियों की पोस्टिंग करनी है। मैं हमेशा अधिकारियों से कहती हूं कि देखिए आप जब शहर में काम करते हैं तो वहां का अनुभव अलग होता है वहां पर पढ़े लिखे जानकार लोग रहते हैं। लेकिन आप जब ग्रामीण क्षेत्रों में नौकरी करने के लिए आते हैं तो ग्रामीण क्षेत्र में योजनाओं की जानकारी कम होती है। शासकीय प्रक्रियाओं से अनजान होने के कारण वह भटकते रहते हैं तो बहुत जरूरी है कि आप ग्रामीण लोगों की स्थिति को समझते हुए काम करें । 05 सितंबर 2024 को शिक्षक दिवस के अवसर पर इस क्षेत्र में जो टॉपर लड़कियां थी वह टॉपर लड़कियों को मैंने प्रोत्साहन स्वरूप दो स्कूटी दी और आने वाले समय के लिए बच्चों को प्रेरित करने के लिए और उनके मनोबल को बढ़ाने के लिए भी घोषणा की है मैं उन सभी अभिभावकों से भी रिक्वेस्ट करती हूं कि बच्चों की पढ़ाई पर पूरा ध्यान दें। कार्यक्रम के अंत में विधायक ने समस्त उपस्थित लोगों को स्वच्छ एवं विकसित भारत की शपथ दिलाई।

**शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा किया गया सामग्री वितरण:-** पशु चिकित्सा विभाग द्वारा ग्राम पंचायत जनुवा के पांच हितग्राही रामकली, राजकली, कलावती, सेन बाई तथा बंसती को बैकयार्ड कुक्कुट इकाई से मुर्गी पालन के लिए चूजों, समाज कल्याण विभाग द्वारा 12 वृद्धजनों को छड़ी, प्रधानमंत्री आवास (पीएम जनमन) योजना के तहत बड़वाही, माड़ीसरई तथा देवगढ़ के कमलेश बैगा, लालमनी बैगा, बिहारी बैगा, जमुना बैगा, राम औतार बैगा, राम राज बैगा, राम मिलन बैगा, शिवचरण बैगा तथा राम साय बैगा को आवास पूर्णता का प्रमाण पत्र, इसी प्रकार वर्ष 2024-25 हेतू जनुवा तथा बडवाही के 14 हितग्राहियों का प्रधानमंत्री आवास योजना से आवास स्वीकृत किया गया, राजस्व विभाग द्वारा 16 विद्यार्थियों को स्थायी जाति प्रणाम पत्र, उद्यान विभाग द्वारा ग्राम पंचायत देवगढ़ के 10 हितग्राहियों को 1 पैकेट भिण्डी तथा 1 पैकेट लौकी बीज का उन्नत किस्म प्रदाय किया गया।

## पुलिस ने जर्दा गुटखा फैक्ट्री पर मारा छापा

# 85 बोरी गुटखा और बनाने की मशीन जब्त, 10 आरोपी गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** दुर्ग पुलिस ने गुरुवार सुबह पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के उम्दा इलाके में तंबाकू युक्त गुटखा बनाने वाली फैक्ट्री और उसके गोदाम पर छापा मारा। पुलिस ने करीब 85 बोरी तंबाकू युक्त गुटखा के साथ 10 लोगों को गिरफ्तार किया है।

छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि, उमदा क्षेत्र में नकली जर्दा मिक्स गुटखा बनाने की शिकायत मिली थी। बुधवार रात को उन्हें टिप मिली कि, सुबह 3-4 बजे के करीब गुटखा की गाड़ी भिलाई की तरफ आएगी।

**तीन थाना प्रभारी की बनी टीम:** सीएसपी ने जामुल थाना प्रभारी कपिल देव पाण्डेय, छावनी थाना प्रभारी चेतन चंद्राकर और खुर्सीपार थाना प्रभारी अंबर भारद्वाज की टीम को तैयार किया। वो लोग देर रात तीन बजे उमदा के पास पहुंचे। उन्होंने देखा कि रात तीन बजे के करीब एक गाड़ी सीजी 07 बीके 5038 आती दिखी। उन्होंने ट्रक को रोका और तलाशी ली, तो उसके अंदर 60 बोरा पानराज जर्दा युक्त गुटखा भरा हुआ था। पूछने पर ट्रक चालक ने बताया कि, वो उमदा से माल लेकर आ रहा है।

**फैक्ट्री से आरोपी गिरफ्तार:** पुलिस ट्रक ड्राइवर को लेकर गुटखा फैक्ट्री तक पहुंची। तब तक आरोपियों को इसकी भनक लग गई थी। वो लोग गुटखा बनाने वाली मशीन को लोडर सीजी 07 सीएस 5338 में लोड कर भागने की फिराक में थे, लेकिन समय रहते पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

फैक्ट्री के अंदर से 25 बोरा जर्दायुक्त गुटखा और काम करने वाले मजदूरों को गिरफ्तार कर पुरानी भिलाई थाने लाया गया है। यहां मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

**भिलाई का रहने वाला युवक मुख्य आरोपी:** सीएसपी छावनी ने बताया कि, नकली जर्दायुक्त गुटखा बनाने वाला मुख्य आरोपी साजिद खान है। वो पावर हाउस छावनी क्षेत्र में रहता है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं, उसका एक साथी पंडा है, जो ओडिशा का निवासी है और यहां रहकर गुटखे की डिलीवरी लेने का काम करता है। पुलिस उसकी भी तलाश कर रही है।

# मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में संशोधित प्रावधान के अनुसार, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के परिशिष्ट-1 की कंडिका-5 के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत करने का प्रावधान किया गया है।

इसके तहत, खड़गवां तहसील के ग्राम रतनपुर निवासी राधे सिंह की नहर के पानी में डूबने से हुई मृत्यु पर उनके पत्नी गायत्री को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

इसी प्रकार, खड़गवां तहसील के ही ग्राम पंचायत खड़गवां निवासी अमन कुमार की मृत्यु बरदर जलाशय में डूबने से हो गया था जिसके पिता संतोष कुमार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। उपरोक्त स्वीकृत राशि का व्यय मांग संख्या-58 मुख्य शीर्ष-2245 प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में विकलनीय होगा।

# इलाज में लापरवाही से युवती की मौत

## परिजन बोले- भर्ती के बाद देखने नहीं आए डॉक्टर, इसलिए चली गई जान

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में सड़क हादसे में घायल युवती ने इलाज के अभाव में दम तोड़ दिया। परिजनों ने बेहतर इलाज की उम्मीद से उसे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती किया था। लेकिन, यहां 10 दिनों तक कोई डॉक्टर देखने नहीं आया। उसकी मौत के बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। दरअसल, कोटा क्षेत्र के करगीरोड की रहने वाली साक्षी तिवारी (21) पिता मनोहर तिवारी बीते 23 सितंबर को कोटा के पास सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी। जिस पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से उसे निजी अस्पताल रेफर किया गया। परिजनों ने उसे श्री साईं अस्पताल में भर्ती कराया था। बुधवार को इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई।



**इलाज में लापरवाही का आरोप, जमकर हुआ हंगामा:** अस्पताल स्टाफ ने जब युवती की मौत की जानकारी परिजन को दी, तब वो भड़क गए। उनका कहना था कि वह मरने की हालत में नहीं थी। एक दिन पहले तक बात कर रही थी। फिर ऐसा क्या हुआ कि उसकी जान चली गई। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस दौरान परिजनों को समझाइश देते रहे। वहीं, परिजन मामले में अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई करने की मांग करते रहे।

**परिजन बोले- 9 दिन तक देखने नहीं आए डॉक्टर:** परिजनों ने बताया कि, 24 सितंबर को मरीज को अस्पताल में भर्ती किया था।

# सभी के लिए स्वच्छता ही सर्वोपरि है

## स्वभाव और संस्कारों में स्वच्छता के आयामों को करें शामिल: श्याम बिहारी जायसवाल



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर स्वच्छा भारत दिवस के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत पोडीडीह एवं खड़गवां में स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सोनमती उर्रे, जनपद सीईओ विनोद गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, अनुविभागीय अधिकारी एसडीओ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, स्वच्छ भारत मिशन दल, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन दल सहित अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा परिसर में साफ-सफाई कर श्रमदान किया गया है। इस दौरान मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने उपस्तिथि लोगों से आह्वान किया कि हमारे लिए स्वच्छता सर्वोपरि है।

हमारे गांव आज सामुदायिक सहभागिता से स्वच्छता की व्यापक स्तर को प्राप्त कर रहे है। आज ग्रामीण अंचलों में स्वच्छता के प्रति व्यवहार परिवर्तन से व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ लोग सामुदायिक स्वच्छता पर भी ध्यान देने लगे हैं। यही कारण है कि छात्र छात्राओं, महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठजन अपने स्वभाव और संस्कारों में स्वच्छता के आयामों को शामिल कर रहे है। मंत्री जी के द्वारा पंचायतों में स्वच्छता पर कचरा कलेक्शन का काम कर रही स्वच्छाग्रही दीदियों को प्रशस्ति पत्र एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया एवं सामूहिक श्रमदान, और स्वच्छता शपथ दिलाई गई।

# नशे के कारोबार में लिप्त आदतन अपराधी गया जेल

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** इसहाक कुरैशी उर्फ नाण्डी पिता रहमत उल्ला निवासी न्यू टिकरापारा गोदरीपारा चिरमिरी थाना चिरमिरी वर्ष 2010 से अपराध जगत में प्रवेश किया है। वर्ष 2017 से लगातार स्वापक एवं मनः प्रभावी पदार्थ का अवैध व्यापार करता आ रहा है। चिरमिरी थाना के आस पास क्षेत्र में इसका अवैध मादक पदार्थ का व्यापार फैला हुआ है। यह स्वयं एवं अपने एजेंट बिचौलियों के माध्यम से अवैध मादक पदार्थों की खरीद बिक्री करता रहा है। इसके विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के चार प्रकरण थाना चिरमिरी में दर्ज है। इसहाक कुरैशी एवं इसके गिरोह के सदस्यों का आम जनता में इतना भय व आतंक है कि इसके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति गवाह बनने व सूचना देने को तैयार नहीं होता है।



इसहाक कुरैशी के अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने पुलिस महानिरीक्षक रेंज सरगुजा श्री अंकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह द्वारा दिशा निर्देश दिया गया कि इसहाक कुरेशी मादक पदार्थ गांजा खरीद बिक्री करता है, अवैध मादक पदार्थ खरीद बिक्री का आवतन आरोपी है और वर्तमान में भी उक्त अवैध व्यापार में संलिप्त है। कोई सुधार नहीं आया है इसलिये उसके विरूद्ध राज्य शासन द्वारा दिशा निर्देशों के अन्तर्गत मादक पदार्थ के अवैध गतिविधियों में नियंत्रण रखने के लिये स्वपक एवं मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 3(1) अन्तर्गत निरूद्ध में रखने हेतु प्रकरण तैयार कर कार्यवाही हेतु प्रकरण भेजे। पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वाडेगावकर से मार्गदर्शन प्राप्त का इसहाक कुरेशी के विरुद्ध थाने में दर्ज विभिन्न अपराधिक प्रकरणों का रिकार्ड निकाल कर पीआईटी एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण तैयार कर पुलिस अधीक्षक कार्यालय मनेन्द्रगढ़ द्वारा आयुक्त सरगुजा संभाग को प्रकरण तैयार कर भेजा गया।

अनावेदक के विरुद्ध न्यायालय संभागीय आयुक्त निरुद्ध कर्ता अधिकारी स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम 1988 सरगुजा संभाग अंबिकापुर (छ.ग.) में प्रकरण विचारण किया गया एवं न्यायालय द्वारा विचारण बाद 30 सितंबर 2024 को इसहाक कुरैशी उर्फ नाण्डी पिता रहमत उल्ला निवासी न्यू टिकरापारा गोदरीपारा चिरमिरी को 13 माह तक जेल में निरुद्ध रखने हेतु जेल वारंट जारी किया गया।

## इंद्र योग और हस्त नक्षत्र में पालकी पर आईं माता-रानी

# देवी-मंदिरों में नवरात्रि पर जलाए गए ज्योति कलश,ऐश्वर्य-ज्ञान-स्वास्थ्य के लिए शुभ है पर्व

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में देवी उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्र गुरुवार से शुरू हो गया है। रतनपुर की महामाया मंदिर, मल्हार की डिडनेश्वरी देवी तिफरा काली मंदिर, हरदेव लाल मंदिर, जरहाभाठा दुर्गा मंदिर, मां सतबहिनिया मंदिर, बंधवापारा, पीतांबरा पीठ सरकंडा सहित देवी मंदिरों में 40 हजार से अधिक ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए।

घटस्थापना कर विशेष पूजा की गई। इस दौरान मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। नवरात्रि पर गुरुवार को इंद्र योग और हस्त नक्षत्र का संयोग है। माता की पालकी पर आना ऐश्वर्य, ज्ञान और स्वास्थ्य के लिहाज से शुभ माना गया है।



**सुबह 5 बजे माता का हुआ नव श्रृंगार कर महाभिषेक:** देश के 51 शक्ति पीठों में एक रतनपुर की महामाया देवी भी है। यहां सुबह 5 बजे माता का नव श्रृंगार कर महाभिषेक किया गया। जिसके बाद सुबह घटस्थापना की गई। 101 पुजारियों ने विधि-विधान से माता की पूजा अर्चना की। सुबह 11 बजे ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया।

# रात के अंधेरे में जुआ-सट्टा का खेल

## नोट फेंककर दांव लगाते दिखे, दुर्ग में जुआ खेलते पार्षद-पत्रकार समेत 16 गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में खुलेआम जुआ-सट्टा चल रहा है। जुआरियों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वो रात के अंधेरे में 100 से लेकर 500 के नोट फेंककर हजारों का दांव लगा रहे थे। मामला मस्तूरी थाना इलाके का है।

इधर, दुर्ग जिले के सीएसपी ने 3 थानों की पुलिस जामुल, छावनी और खुर्सीपार के टीआई और टीम के साथ जुआ की फड़ पर छापेमारी की। भिलाई तीन में पुलिस ने पार्षद और पत्रकार समेत 16 लोगों को गिरफ्तार किया है।

**जुआरियों की पहचान की जा रही- टीआई:** मस्तूरी टीआई अवनीश पासवान का कहना है कि, जुआरियों के खिलाफ लगातार सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। वायरल वीडियो है, उसकी जांच कर जुआरियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। इसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**दुर्ग में देर रात की गई छापेमारी:** 15-20 पुलिस आधिकारियों और टीआई की टीम देर रात पुरानी भिलाई थाना इलाके पहुंची। पुलिस की टीम रात 11 बजे टीम शारदा चौक चरोदा पहुंची। वहां उन्होंने एक घर में छापेमारी की तो अंदर 16 लोग ताश पत्ती से जुआ खेल रहे थे। उनके पास से 2 लाख 29 हजार रुपए जब्त किए गए हैं। गिरफ्तार करने वाले में दो बड़े नाम जिसमें एक नाम भिलाई तीन चरोदा निगम के पार्षद एम एंथोनी और पत्रकार का नाम है। पुलिस ने जुआरियों के पास से तीन कार, 9 बाइक और स्कूटी जब्त किया है।

**लगातार बदलते हैं लोकेशन:** दरअसल, दिवाली नजदीक आते ही जुआरी सक्रिय हो जाते हैं। बताया जा रहा है कि, बिलासपुर जिले में जुआ खेलने के लिए आसपास के जिलों से भी लोग आते हैं। वहीं, जुआ खिलाने वाले जुआरियों को इकट्ठा कर लगातार लोकेशन बदलते रहते हैं। रलिया के साथ ही जयरामनगर, खैरा, रिसदा सहित आसपास के इलाकों में जुआरी सक्रिय रहते हैं।

# चांग देवी मंदिर में विधायक ने किया स्वच्छता श्रमदान

## स्वच्छाग्रही महिलाओं को स्वच्छता किट किया गया प्रदाय

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** जिले के भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह के द्वारा 02 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर विकासखण्ड भरतपुर के धार्मिक स्थल चांग देवी मंदिर परिसर भगवानपुर में स्वच्छ भारत दिवस पर स्वच्छता श्रमदान कर सैकड़ो ग्रामीणों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। उन्होंने श्रमदान करने के पश्चात् सभी ग्रामीणों को अपने आस-पास, घर, कार्य स्थल, पर्यटन स्थल, सार्वजनिक चौक-चौराहे सहित अपने के परिवेश को संपूर्ण स्वच्छता रखने हेतु समस्त ग्रामीणों को संकल्प दिलाई। इस दौरान उन्होंने स्वच्छग्रही स्व सहायता समूह की महिलाओं को स्वच्छता सुरक्षा किट उपलब्ध करा कर स्वच्छता में दिए जा रहे योगदान की सराहना की।






विगत दिवस देवगढ़ मेगा इवेंट शिविर में स्वच्छ भारत मिशन के जिला सलाहकार राजेश जैन ने इस पर अपने विचार रखते हुए बताया कि स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत 2 अक्टूबर 2014 से हुई थी आज एक दशक हमारे स्वच्छ भारत मिशन को पूर्ण हो गया है। इस जनकल्याणकारी योजना के क्रियान्वयन से पूरे देश की करोड़ों महिलाओं की निजता और स्वाभिमान की रक्षा हुई।आज गांव में डोर टू डोर अपशिष्ट संग्रहण एवं पृथक करण एवं रिसोर्स सेग्रिकेशन से अपशिष्ट का प्रबंधन हो रहा है ,और गांव ओ डी एफ प्लस मॉडल बनते जा रहे है, हमारे गांव, चौक-चौराहे, दार्शनिक और पर्यटन स्थल, गांव की गालियां भी साफ-स्वच्छ और सुंदरता भी इसका कहीं ना कहीं इन सबमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सुखद और सकारात्मक परिणाम आए हैं। हमारा जो व्यक्तिगत जीवन है, उससे कहीं ना कहीं हमें बीमारियों से निजात मिली है।

आज से पहले यदि हम बरसात के दिनों में देखे थे तो डायरिया जैसी बीमारियों का बहुत बड़ी मात्रा होता था, लेकिन आज इन सब की जो केस है अब कभी-कभार आते हैं। इसके लिए मैं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महोदया का हार्दिक अभिनंदन और स्वागत करता हूं कि उन्होंने आज स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर आपके भरतपुर के चांग देवी मंदिर में श्रमदान करके हम सभी को अनुग्रहित किया है और यह संदेश दिया है कि यह जो स्वच्छता है यह व्यक्तिगत न होकर जन भागीदारी का काम है। यदि हर व्यक्ति अपनी स्वच्छता के लिए जागरूक रहेगा चाहे वह महिला हो या पुरूष। एक कदम स्वच्छता आपके एक कृत संकल्प से हमारा भरतपुर ही नहीं पूरा एमसीबी, छत्तीसगढ़ सहित पूरा देश स्वच्छ हो सकता है।

# सज गया माता शारदा का दरबार, मैहर में शारदीय नवरात्र मेला शुरू

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** गुरुवार से शक्ति आराधना के विशेष पर्व नवरात्रि का शुभारंभ हो गया। इसी के साथ मैहर में नौ दिवसीय शारदीय नवरात्रि मेले का भी श्री गणेश हो गया।

नवरात्रि के पहले दिन गुरुवार को मैहर के त्रिकूट पर्वत पर विराजीं विद्या और बुद्धि की अधिष्ठात्री देवी माता शारदा के दरबार मे आस्था का सैलाब उमड़ा। पहले दिन माता रानी के दर्शन के लिए देश भर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने रात से ही लंबी कतारें लगा लीं। मातारानी के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया।





ब्रह्म मुहूर्त में तड़के साढ़े 3 बजे माता शारदा मंदिर के पट खुलने पर पंडित पवन महाराज ने जगद्जननी की आरती उतारी और फिर श्रद्धालुओं ने मातेश्वरी के चरणों मे अपनी आस्था समर्पित कर मत्था टेका। भक्तों ने पूजा - अर्चना कर माता शारदा से कृपा वृष्टि की प्रार्थना की और दर्शन लाभ लेकर पुण्य अर्जित किया।

**रोप वे के अलावा सीढ़ियों से भी पहुंच रहे भक्त:** विन्ध्य पर्वत श्रृंखला के त्रिकूट पर्वत पर मैहर में विराजीं माता शारदा की चौखट पर शीश नवाने देश के कोने - कोने से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ऊंचे पर्वत पर विराजमान माता की ड्योढ़ी तक पहुंचने के लिए रोप वे की भी व्यवस्था है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उसके जरिए दर्शन करने जा रहे हैं लेकिन 1063 सीढ़ियां चढ़कर मातारानी के दरबार मे हाजिरी लगाने पहुंचने वालों की भी संख्या कम नहीं है।

**मान्यता - यहीं गिरा था माता सती के गले का हार:** मैहर में स्थित माता शारदा मंदिर को शक्ति पीठों में से एक माना जाता है। मान्यता है कि देवी सती के गले का हार मैहर में इसी स्थान पर गिरा था जिसके कारण इसे माई का हार कहा जाता था। कालांतर में यही मैहर हो गया। एक मान्यता यह भी है कि यहां सबसे पहले बुंदेली वीर आल्हा - ऊदल पूजा करने आते हैं। वे माता के बहुत बड़े भक्त थे। मातारानी के पट खुलने पर यहां आज भी फूल चढ़े हुए पाए जाते हैं। मंदिर के पीछे आल्हा तलैया आज भी मौजूद है।

**प्रशासन -पुलिस ने किए है पुख्ता इन्तजाम:** मैहर में नौ दिनों तक चलने वाले शारदीय नवरात्रि मेले के लिए प्रशासन एवं पुलिस ने व्यापक इंतजाम किए हैं। कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने 12 कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की है और सभी के साथ सहायक भी तैनात किए हैं। मेला में सुरक्षा के लिए 2 एडिशनल एसपी, 4 डीएसपी तथा 12 इंस्पेक्टरों समेत 650 पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। वालेंटियर्स तथा होमगार्ड के जवान भी तैनात किए गए हैं। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरों के साथ ड्रोन कैमरे भी लगाए गए हैं। मेला क्षेत्र में पानी, प्रसाधन तथा चिकित्सा सेवा की व्यवस्था की गई है। खोया पाया केंद्र बनाया गया है और उद्घोषणा का प्रबंध किया गया है।

**14 ट्रेनों का स्टॉपेज, स्टेशन में अतिरिक्त टिकट काउंटर:** मैहर में नवरात्रि मेले के मद्देनजर रेलवे ने भी दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए इंतजाम किए हैं। मेला स्पेशल ट्रेनों और नियमित यात्री गाड़ियों के अलावा 14 अन्य गाड़ियों के लिए भी मैहर में 5 मिनट का स्टॉपेज तय किया गया है। स्टेशन में अतिरिक्त टिकट काउंटर खोले गए हैं और अतिरिक्त फोर्स भी तैनात की गई है।

## कलेक्टर, एसपी ने विद्यालय पहुंचकर एमपी टाप विनर्स को किया प्रोत्साहित

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे मेमोरियल हॉल में आयोजित राज्य स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2024 में सतना की विजय कान्वेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल की टीम ने प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर चमचमाती ट्राफी पर कब्जा किया है। सतना जिले को प्रथम स्थान मिलने पर प्रबंध संचालक म.प्र. टूरिज्म बोर्ड शिवशेखर शुक्ला ने जिले के कलेक्टर अनुराग वर्मा के सहयोग की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ प्रशस्ति पत्र भी दिया है।



सतना जिले को गौरवमयी उपलब्धि हासिल होने पर कलेक्टर अनुराग वर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता गुरूवार को विजय कान्वेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल उतैली पहुंचे और उन्होंने विजेता टीम के साथ विद्यालय प्रबंधन एवं शैक्षणिक स्टाफ को बधाई और शुभकामनायें दी। इस मौके पर कलेक्टर ने कहा कि प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में अव्वल स्थान पर स्कूल का रहना इस बात का प्रमाण है कि यहां बच्चों की पढाई के साथ अन्य सहयोगी गतिविधियों में विशेष ध्यान दिया जाता है।

## मां दुर्गा मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

### मंदिर की अनोखी विशेषता नौ देवियों का होता है दर्शन

**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट में नवरात्रि के पावन पर्व पर काली देवी चौराहा स्थित मां दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। यह मंदिर अपनी अनोखी विशेषता के लिए प्रसिद्ध है। क्योंकि यहां एक ही छत के नीचे नौ देवियों के दर्शन का सौभाग्य मिलता है। नवरात्रि के पहले दिन से लेकर नवमी तक भक्तों की भारी भीड़ यहां उमड़ रही है। जो माता रानी के शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धि दात्री के रूपों की पूजा अर्चना करने के लिए पहुंच रही है।



**मंदिर की अनूठी पहचान- मराठा कालीन धरोहर:** मंदिर का निर्माण मराठा काल में हुआ था। यह अपनी प्राचीन धरोहर के लिए जाना जाता है। दूर-दूर से आए भक्तों का कहना है कि जो भी सच्चे मन से यहां मां की पूजा करता है। उसकी सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। ज्ञान चंद्र परिवार के साथ मंदिर पहुंचे। बताया कि यहां नवरात्रि के दिनों में माता रानी की आराधना करने का विशेष महत्व है। हर सुबह से ही भक्तजन मां को जल अर्पित कर आरती में सम्मिलित होते हैं।

मंदिर के पुजारी ने बताया कि नवरात्रि के इन नौ दिनों में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। माता के भक्तों के लिए यह दिन अत्यंत शुभ होते हैं। उन्होंने कहा, "इस मंदिर में मां के नौ स्वरूपों के दर्शन एक साथ मिलते हैं, जो भक्तों के लिए एक अनोखा अनुभव है। यहां आकर जो भी श्रद्धालु मां की आराधना करता है। उसकी हर इच्छा पूरी होती है।"

**भक्तों की आस्था और कलश स्थापना की शुरुआत:** नवरात्रि के पहले दिन भक्त अपने घरों में कलश की स्थापना कर नौ दिनों तक चलने वाले अनुष्ठान की शुरुआत करते हैं। भक्तगण अपने परिवार और समाज की सुख-समृद्धि के लिए यहां मां से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

## युवक की गोली मारकर हत्या, सड़क किनारे पड़ा मिला शव, कुछ दूर पर बाइक भी हुई बरामद

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना जिले के सभापुर थाना क्षेत्र में दिन दहाड़े गोली मार कर एक युवक की हत्या कर दी गई। उसका शव उकड़ू हालत में सड़क किनारे पड़ा मिला। दिन दहाड़े हुई इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के मुताबिक, सभापुर थाना क्षेत्र के ग्राम मचखडा निवासी अरुण कुमार त्रिपाठी (40) की अज्ञात हमलावरों ने गुरुवार को दिन दहाड़े गोली मार कर हत्या कर दी। उसका शव नेवारी के पास सड़क किनारे उकड़ू पड़ा मिला। उसके सीने में दाहिनी तरफ गोली लगने का निशान था। चेहरे पर भी चोट के कुछ निशान थे। लगभग 100 मीटर दूर उसकी बाइक भी पड़ी हुई थी।

बताया जाता है कि मृतक अरुण खेती किसानी करता था। इसके अलावा वह रामचंद्र बंसल की नेवारी स्थित बंद खदान में चौकीदारी का भी काम करता था। सड़क पर शव पड़ा होने की सूचना मिलने पर टीआई सभापुर रविन्द्र द्विवेदी मौके पर पहुंचे और पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस को घटना स्थल पर खून के छीटे भी पड़े मिले हैं।

टीआई सभापुर ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला गोली मारकर हत्या किए जाने का प्रतीत होता है। चेहरे पर चोट और खून के निशान और कुछ दूरी पर पड़ी बाइक से यह आशंका भी जताई जा रही है कि मृतक और हमलावर के बीच संघर्ष भी हुआ हो सकता है। स्थिति पोस्टमॉर्टम के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। लोगों से पूछताछ भी शुरू कर दी गई है।

## विधायक ने दिखाई शक्ति पखवाड़ा जागरूकता रथ को हरी झण्डी



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार मैहर जिले में महिला बाल विकास विभाग ने महिलाओं और बेटियों को सशक्त बनाने और उन्हें समान अवसर प्रदान करने के लिए 2 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक शक्ति पखवाडा मनाने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने शक्ति पखवाडा जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर परियोजनाओं के लिए रवाना किया। इस दौरान योजनाओं के उद्देश्य में शक्ति पखवाडा जागरूकता रथ मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान नई स्वावलंबन के संदेश को लेकर निकाला गया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेन्द्र बांगरे, परियोजना अधिकारी अखिलेश दीपांकर एवं महिला बाल विकास के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति में आई दरार

## निर्माण एजेंसी पर जांच के आदेश, 19.95 लाख की लागत से बनी है मूर्ति

**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट के लालापुर गांव में स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम की 12.5 फीट ऊंची महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति में दरार आ गई है। 19.95 लाख रुपये की लागत से बनी इस मूर्ति का निर्माण कराया गया है। लीपापोती करने के मामले को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। डीएम ने शासन को पत्र लिखा तब राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक ने निर्माण एजेंसी को फटकार लगाई। निर्देश दिए कि जल्द मूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो निर्माण एजेंसी को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा। साथ ही नुकसान की वसूली भी की जाएगी।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वर्ष 2020 में वाल्मीकि जयंती पर चित्रकूट के लालापुर स्थित आश्रम आए थे। यहां हवन पूजन के साथ पर्यटन विकास के कार्यों की आधारशिला रखी थी। तब से आश्रम में काम चल रहा है। पहले चरण में सुंदरीकरण के कार्य हुए थे। दूसरे चरण में अक्टूबर 2023 में महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति निर्माण के साथ गेट आदि के काम हुए। यहां करीब 18 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटन सुविधा केंद्र और सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण हो रहा है।

**आश्रम में करीब 12 फीट ऊंची महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति:** झांसी-मीरजापुर हाईवे किनारे स्थित आश्रम में करीब 12 फीट ऊंची महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति लगाई गई है। इसका निर्माण ललित कला अकादमी लखनऊ ने मध्य प्रदेश इंदौर के मेसर्स प्रस्तुति शिल्पकार महेंद्र कोटवानी से कराया है। चार मार्च 2024 को वर्चुअल रूप से मूर्ति का अनावरण किया गया था। आश्रम के महंत भरतदास ने बताया कि मूर्ति के पीछे दो तीन जगह दरारें आ गई हैं।

**सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप:** इस घटना को लेकर समाजवादी पार्टी ने भाजपा शासन पर हमला बोला है। सपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुज यादव ने कहा, "धार्मिक स्थलों के निर्माण में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मामले की पूरी जांच होनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो।"

**धातु मिश्रण की जांच पूरी कर की जाएगी कार्रवाई:** जिलाधिकारी ने जिला पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव से मामले की रिपोर्ट तलब की है, जिसे राज्य ललित कला अकादमी को भेजा गया है। इसके साथ ही अकादमी की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला ने मूर्ति की गुणवत्ता की जांच के लिए भूतत्व खनिकर्म निदेशालय को निर्देश दिए हैं। धातु मिश्रण की जांच जल्द पूरी होगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

**कंपनी को केवल 50% भुगतान किया गया:** पर्यटन विभाग के अधिकारी ने बताया कि इस मूर्ति का निर्माण मेसर्स प्रस्तुति शिल्पकार इंदौर ने किया था और यह पांच धातुओं के मिश्रण से बनी है। अधिकारी का कहना है कि मूर्ति में दरार आने के कई कारण हो सकते हैं, जिसमें आसपास लगाए गए पत्थरों और रेलिंग से होने वाला वाइब्रेशन भी शामिल हो सकता है। फिलहाल कंपनी को केवल 50% भुगतान किया गया है और शेष राशि जांच रिपोर्ट के बाद ही दी जाएगी।

**मूर्ति मानकों के अनुसार नहीं बनाई गई:** सपा नेता अनुज यादव ने इस घटना को भ्रष्टाचार का नतीजा बताया और कहा कि मूर्ति मानकों के अनुसार नहीं बनाई गई, जिसके कारण यह इतनी जल्दी क्षतिग्रस्त हो गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पर्यटन विभाग द्वारा अन्य परियोजनाओं में भी भ्रष्टाचार हुआ है, जिसका परिणाम जल्द सामने आएगा। महर्षि वाल्मीकि आश्रम के महंत भरत दास ने भी मूर्ति की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस मामले की जांच की मांग की है।

## गर्भवती महिला दो बच्चियों के साथ लापता, गुमशुदगी दर्ज




### पति बोला-डॉक्टर को दिखाने गई फिर नहीं लौटी ; पुलिस तलाश में जुटी

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** एक गर्भवती महिला अपनी 2 और 4 साल की बच्चियों के साथ अचानक लापता हो गई। लापता महिला के पति का आरोप है कि पत्नी दो बच्चियों को लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गई है। जो घर से डॉक्टर को दिखाने गई,फिर नहीं लौटी। जिसकी शिकायत फरियादी युवक ने थाने में दर्ज करवाई। पुलिस ने पूरे मामले में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जहां पुलिस अब महिला और बच्चियों की तलाश कर रही है।

शिकायतकर्ता करुणा निधान केवट ने बताया कि मेरी शादी अर्चना केवट के साथ 6 वर्ष पहले हुई थी। जिससे मेरी दो बच्चियां हैं। मैं और मेरी पत्नी दोनों साथ में शहर में बनने वाले मकानों में मजदूरी करने के लिए जाते थे। इसी दौरान मेरी पत्नी की पहचान भोला साकेत से हो गई। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चलने लगा। कई महीनों के प्रेम प्रसंग के बाद मेरी पत्नी गहने और नगद रूपए लेकर फरार हो गई। काम से घर लौटकर देखा तो पत्नी घर में नहीं थी। मैंने उसे बहुत ढूंढा,बाद में पड़ोस के व्यक्ति ने बताया कि वो भोला के साथ गई है। इसलिए आज थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचा हूं। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है। मैं चाहता हूं कि मेरी बच्चियां मुझे लौटा दी जाए। मैं अपनी दोनों बेटियों से बहुत प्यार करता हूं। पत्नी गर्भवती थी,दो महीने बाद उसकी डिलेवरी होनी थी। उसने मुझसे कहा था कि मैं डॉक्टर को दिखाने जा रही हूं। मैं भी काम पर चला गया। घर आकर देखा तो घर में कोई नहीं था।

पुलिस के मुताबिक युवक ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है कि घर से फरियादी की पत्नी,दो बच्चियों,गहने और नगद पैसों के साथ लापता हो गई है। युवक ने आशंका जताई है कि उसकी पत्नी प्रेमी के साथ फरार हो गई है। थाने में गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। मामले की जांच जारी है।

## किसानों के लिए वरदान है सुपर सीडर, नरवाई का निदान और बुवाई एक साथ



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए शासन द्वारा कई योजनाएं लागू की गई हैं। किसानों को आधुनिक तकनीक का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी का उदाहरण सुपर सीडर है। सुपर सीडर ट्रैक्टर के साथ जुड़कर कार्य करने वाला ऐसा यंत्र है जो नरवाई की समस्या का निदान करने के साथ-साथ बुवाई भी करता है। जो किसान धान की खेती के बाद गेंहू और चने की बुवाई करते हैं उनके लिए यह अत्यंत उपयोगी है। सुपर सीडर धान अथवा अन्य किसी भी फसल के डंठल जिसे नरवाई कहा जाता है उसे आसानी से छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर मिट्टी मे मिला देता है। इसके उपयोग से नरवाई को जलाने की जरूरत नहीं पड़ती। इससे एक ओर पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण होता है वहीं दूसरी ओर मिट्टी के ऊपरी परत के उपयोगी जीवाणुओं के जीवन की रक्षा भी होती है। सुपर सीडर से नरवाई वाले खेत में सीधे गेंहू, चने अथवा अन्य फसल की बोनी की जा सकती है। इसके उपयोग से किसान को नरवाई की झंझट से मुक्ति मिलती है। जो नरवाई किसान के लिए समस्या है उसे सुपर सीडर खाद के रूप में बदलकर वरदान बना देता है। संभागीय कृषि अभियांत्रिकी विभाग सतना में सुपर सीडर उपलब्ध है। शासन की योजनाओं के तहत किसान को सुपर सीडर खरीदने पर 40 प्रतिशत तक छूट दी जा रही है। सुपर सीडर सामान्य तौर पर एक घण्टे में एक एकड़ क्षेत्र में नरवाई नष्ट करने के साथ बुवाई कर देता है। गेंहू के बाद जिन क्षेत्रों में मूंग की खेती की जाती है वहाँ भी सुपर सीडर बहुत उपयोगी है। हार्वेस्टर से कटाई के बाद गेंहू के शेष बचे डंठल को आसानी से मिट्टी में मिलाकर सुपर सीडर मूंग की बुवाई कर देता है। सुपर सीडर के उपयोग से जुताई का खर्च बच जाता है। नरवाई नष्ट करने, जुताई और बुवाई एक साथ हो जाने से खेती की लागत घटती है। जिन किसानों के पास ट्रैक्टर हैं उनके घर के शिक्षित युवा सुपर सीडर खरीदकर एक सीजन में एक लाख रुपए तक की कमाई कर सकते हैं। इसका लाभ लेने के लिए आवेदक आधार कार्ड, खतौनी, बैंक पासबुक, ट्रैक्टर के पंजीयन तथा पाँच हजार रुपए की धरोहर राशि के साथ एमपीऑनलाइन के कॉमन सर्विस सेंटर से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## सर्पदंश से अधेड़ की मौत, खेत में फसल की निराई करते समय हुई घटना



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट के मऊ थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक घटना घटी। जब 52 वर्षीय समयलाल की सर्पदंश से मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब समयलाल सुबह लगभग 6:30 बजे अपने मूली के खेत में निराई कर रहे थे। अचानक एक सर्प ने उन्हें डस लिया, जिसके बाद वहां मौजूद दो बच्चों ने घर पर सूचना दी।

परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और गंभीर हालत में समयलाल को मऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। लेकिन वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस को घटना की सूचना मिलने के बाद उन्होंने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे पोस्टमॉर्टम कराया गया। इस दुखद घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

इस घटना से गांव में सर्पदंश को लेकर चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने सर्पदंश से बचाव के उपायों की मांग की है। सर्पदंश जैसी घटनाओं से बचाव के लिए जागरूकता और उचित कदम उठाए जाने की जरूरत है, जैसे खेतों में काम करने के दौरान सावधानी बरतना और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के उपाय करना।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।